www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 36 । अंक – 308 । भोपाल, सोमवार, 10 नवम्बर 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

मजदूर और महिलाओं के हक की आवाज उठी पृष्ठ 2


इतिहास में सिर्फ वोट कटुआ के नाम से ही जाने जाएंगे ओवैसी ! पृष्ठ 4

जर्जर सड़क पर टोल वसूली जारी, सफर हुआ मुश्किल पृष्ठ 5

राहुल ने जिलाध्यक्षों को पढ़ाया एकजुटता का पाठ, मार्शल आर्ट के जरिए फिटनेस का अभ्यास कराया पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### भावांतर योजना : सोयाबीन का 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी



**भोपाल, देशबन्धु।** भावांतर योजना-2025 अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 09 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने सोयाबीन की अपनी उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट में लगातार दो दिनों से वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

### रीवा-दिल्ली हवाई सेवा का आज मुख्यमंत्री वर्चुअली करेंगे शुभारंभ



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 नवम्बर को रीवा से नई दिल्ली के लिए 72 सीटर हवाई सेवा का वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। विन्ध्यवासियों के लिए अब 72 सीटर हवाई जहाज से सीधे नई दिल्ली जाने-आने की सुविधा शुरू हो जाएगी। रीवा से शीघ्र ही इंदौर के लिए भी 72 सीटर हवाई सेवा शुरू होने वाली है। उद्घाटन समारोह रीवा एयरपोर्ट पर प्रातः 10 बजे आरंभ होगा। समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र, सांसद सतना श्री गणेश सिंह, सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय में उपस्थिति रहेगी।

रीवा एयरपोर्ट निर्माण के लिए हवाई पट्टी में उपलब्ध 65 एकड़ भूमि के साथ 258 एकड़ अतिरिक्त भूमि का अर्जन किया गया। भारतीय विमान पतन प्राधिकरण ने इसका निर्माण कराया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 20 अक्टूबर 2024 को वर्चुअली माध्यम से रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इसी दिन से रीवा से जबलपुर, भोपाल, खजुराहों, सिंगरौली के लिए एयर टैक्सी और 17 सीटर हवाई जहाज की सुविधा शुरू हो गयी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के लगातार प्रयासों से रीवा एयरपोर्ट में 28 अक्टूबर को 72 सीटर हवाई जहाज के उतरने और उड़ान भरने की सफल टेस्टिंग हुई। साथ ही एयर एलायंस द्वारा 72 सीटर हवाई जहाज के रीवा से उड़ान भरने का मार्ग प्रशस्त हो गया। विन्ध्य क्षेत्र के लिए 10 नवम्बर का दिन ऐतिहासिक दिन है। नियमित हवाई सेवा शुरू हो जाने से विन्ध्य क्षेत्र में शिक्षा, कला, सांस्कृतिक, उद्योग, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। विन्ध्य क्षेत्र में स्थित सुन्दर जल प्रपातों, भव्य मंदिरों, नेशनल पार्कों तथा अन्य पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक इस हवाई सेवा का लाभ लेकर पहुंचेंगे। रीवा भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण हवाई सेवा केन्द्र बनने की ओर धीरे-धीरे कदम बढ़ा रहा है।

### 93वें वायु सेना दिवस के अवसर एयर शो आयोजित

**गुवाहाटी, एजेंसी।** भारतीय वायु सेना ने 93वें वायु सेना दिवस के अवसर पर गुवाहाटी में पहला पूर्ण पैमाने का एयर शो आयोजित किया, जिसमें 75 से अधिक विमान और हेलिकॉप्टर्स ने ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। पूर्वोत्तर में यह पहला एयर शो था, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और युवाओं को वायु सेना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, देश के इस हिस्से में एयर शो का आयोजन करना हमारे लिए वास्तव में सम्मान की बात है। हम दो-तीन साल से पूर्वत्तर में आने की कोशिश कर रहे थे।

### जम्मू-कश्मीर: कठुआ में 2 एसपीओ बर्खास्त

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादियों से संबंधों के आरोप में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं, सोपोर में लगातार दूसरे दिन ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और आतंकी सहयोगियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया। कठुआ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहिता शर्मा ने तत्काल प्रभाव से दोनों को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया।

---

### तेजी से करवट बदल रहा मौसम


## अचानक 9 डिसे. तक लुढ़का पारा

### लोग गर्म कपड़े भी नहीं निकाल पाए और ठंड ने हमला बोल दिया

**नई दिल्ली, भोपाल, देशबन्धु।** देर से ही सही लेकिन मौसम अब तेजी से ठंड की ओर करवट बदल रहा है। पिछले पांच दशक में यह पहला मौका है जब देश के कई राज्यों में अचानक एक-दो दिन के भीतर पारा 9 डिसे तक लुढ़क गया और ठंड ने जकड़न बढ़ा दी। हालात यह हैं कि लोग आलमारियों-संदूकों से गर्म कपड़े भी नहीं निकाल पाए और ठंड ने हमला बोल दिया।

पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में 9 से 13 नवंबर तक शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। रात का तापमान राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में 10 डिग्री सेल्सियस से कम और सामान्य से 4-7 डिग्री कम बना हुआ है। दिल्ली, पूर्वी मध्य प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान, उत्तर महाराष्ट्र और पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी रात का तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री कम है। अगले 6-7 दिनों तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में रात का तापमान सामान्य से 2-5 डिग्री कम रहने का अनुमान है। विदर्भ और छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट संभव है।

मौसम इन दिनों तेजी से करवट ले रहा है। आईएमडी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से केरल तक एक ट्रफ रेखा निचले क्षोभमंडल में फैली हुई है, जो तमिलनाडु से गुजर रही है। उत्तर भारत में पंजाब और आसपास के इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती सर्कुलेशन के रूप में मौजूद है। इसके प्रभाव से



आगामी दिनों में तमिलनाडु में 9 नवंबर से 13 नवंबर को हल्की से मध्यम बारिश होगी। कई जगहों पर गरज के साथ बौछारें और कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है।

दिल्ली में पारा मौसम के सबसे निचले स्तर तक गिरा-राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पारा गिरने से सर्दी का असर महसूस किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया और यह इस मौसम की अब तक की सबसे सर्द रात थी। रात का न्यूनतम तापमान मौसम के सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। बंगाल में न्यूनत तापमान में 2-4 डिग्री तक गिरा-अगले चार दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

---

## गुजरात एटीएस ने 3 आतंकी पकड़े

### देश के कई हिस्सों में हमले की योजना बना रहे थे

### हथियार जमा करने पहुंचे तो पुलिस को भनक लगी

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकवादी साजिश का पर्दाफाश किया। गांधीनगर के अडालज के पास आईएसआईएस के तीन संदिग्ध आतंकवादी पकड़े गए हैं।

जानकारी सामने आई कि ये संदिग्ध आतंकवादी हथियारों का आदान-प्रदान करने के लिए गुजरात आए थे और देश के कई हिस्सों में हमले की योजना बना रहे थे। हालांकि, एटीएस को पहले ही उनकी गतिविधियों की भनक लग गई थी और इसके बाद वे लगातार रडार पर थे। पुख्ता जानकारी के आधार पर एटीएस ने जाल बिछाया और



तीनों संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए तीनों संदिग्ध आतंकवादी दो अलग-अलग मॉड्यूल से जुड़े हुए हैं। फिलहाल, एटीएस यह जांच कर रही है कि वे देश में किन-किन जगहों पर हमले की साजिश रच रहे थे। दो यूपी से, एक हैदराबाद का निवासी-प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए दो आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जबकि तीसरा आतंकी हैदराबाद का निवासी है। इनके पास से तीन पिस्तौल, 30 कारतूस और भारी मात्रा में केमिकल बरामद किया गया है।

### कुछ महीने पहले भी 4 आतंकी पकड़े थे

कुछ महीने पहले गुजरात में अल-कायदा से जुड़े चार संदिग्ध आतंकवादी पकड़े गए थे। ये सभी फेक करेंसी का धंधा चलाने और आतंकवादी संगठन की विचारधारा फैलाने में शामिल थे। एटीएस के अनुसार, ये सभी लंबे समय से आतंकवादी समूह से जुड़े हुए थे। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अल-कायदा के संपर्क में आए थे। संदिग्ध आतंकवादियों की पहचान मोहम्मद फाइक, मोहम्मद फरदीन, सेफुल्लाह कुरैशी और जीशान अली के रूप में हुई थी। गुजरात ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## पुणे भूमि सौदा रद्द होने के बावजूद अजित पवार के बेटे को दोहरा झटका

- भूमि अधिग्रहण में सरकारी प्रक्रियाओं के उल्लंघन का मामला
- कंपनी को रद्द किए गए सौदे से संबंधित भारी स्टाम्प शुल्क का करना होगा भुगतान

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की साझेदारी वाली एक कंपनी को पुणे में सरकारी जमीन की खरीद रद्द होने के बावजूद युवा व्यवसायी को दोहरा झटका लगा है। जब इस मामले में विवाद बढ़ा तो इस आपत्तजिनक लेनदेन को रद्द कर दिया गया लेकिन फिर भी कंपनी को इस रद्द किए गए सौदे से संबंधित भारी स्टाम्प शुल्क का भुगतान करना होगा। राजस्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार, लेनदेन



रद्द होने के बावजूद कंपनी को अभी भी इस संबंध में कुल 42 करोड़ रुपए का भुगतान करना पड़ेगा। इसमें 300 करोड़ रुपए की भूमि खरीद के पंजीकरण के लिए कुल मूल्य का सात प्रतिशत 21 करोड़ रुपए तथा समझौता रद्द करने की लागत के रूप में अतिरिक्त 21 करोड़ रुपए शामिल हैं। यह विवाद तब सामने आया था जब पता चला कि भूमि अधिग्रहण में सरकारी प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया गया। राज्य सरकार के स्वामित्व वाली यह संपत्ति कथित रूप से उसके वास्तविक बाजार मूल्य के लगभग छठे हिस्से ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

### राहुल गांधी का आरोप

## वोट चोरी को संस्थागत रूप देने का प्रयास है एसआईआर



**पचमढ़ी/ भोपाल, देशबन्धु।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) वोट चोरी पर पर्दा डालने और इसे संस्थागत बनाने का प्रयास है। राहुल गांधी जिला कांग्रेस अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए शनिवार को नर्मदापुरम के पचमढ़ी पहुंचे थे। कांग्रेस सांसद ने यहां रविवार की सुबह मीडिया से बात करते हुए दावा किया, वोट चोरी एक मुद्दा है और एसआईआर इस पर पर्दा डालने और इसे संस्थागत रूप देने के लिए है।

निर्वाचन आयोग ने नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चार नवंबरकोमतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू किया था। गांधी ने कहा कि उनका मानना है कि हरियाणा की तरह मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भी वोट चोरी हुई। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले, मैंने हरियाणा में वोट चोरी पर एक प्रस्तुति दी थी और मैंने स्पष्ट रूप से देखा कि वोट चोरी हो रही है। 25 लाख वोट चोरी हुए, हर 8 में से 1 वोट चोरी हो गया। उन्होंने कहा, इसे देखने के बाद, आंकड़ों को देखने के बाद, मेरा मानना है कि मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भी ऐसा ही हुआ यह भाजपा और निर्वाचन आयोग की प्रणाली है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि उनके पास और भी सबूत हैं, जिन्हें वह धीरे-धीरे सामने लाएंगे। उन्होंने कहा, लेकिन मेरा मुद्दा वोट चोरी का है। एसआईआर अब यह इस पर पर्दा डालने और व्यवस्था को संस्थागत बनाने का प्रयास है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भविष्य में इस तरह ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## बिहार में चुनाव प्रचार थमा

### दूसरे चरण के लिए 11 नवम्बर को 122 सीटों पर होगा मतदान

पटना, देशबन्धु। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज की 122 सीटों पर रविवार शाम 5 बजते ही चुनाव प्रचार खत्म हुआ। इन सीटों पर वोटिंग 11 नंवबर को होनी है। 14 नवंबर को रिजल्ट आएगा।

दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए 45339 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। इनमें से 4109 बूथों को संवेदनशील बनाया गया है। इसमें 4003 अतिसंवेदनशील बूथ घोषित हैं। यहां पर चार बजे तक मतदान होगा।

कटोरिया, बेलहर, चैनपुर, चेनारी, गोह, नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी के (36 बूथ), बोधगया (200 बूथ), रजौली, गोविंदपुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा, चकाई विधानसभा में बनाए गए बूथों पर शाम चार बजे मतदान होगा। वहीं बोधगया में 106 बूथों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इन बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात रहने का निर्देश दिया गया है।

### इन दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर... 1302 प्रत्याशी मैदान में

दूसरे चरण के मतदान में 1302 प्रत्याशी चुनावी मैदान हैं। इनमें 1165 पुरुष उम्मीदवार, 136 महिला उम्मीदवार और एक थर्ड जेंड हैं। दूसरे और अंतिम चरण के चुनाव में राष्ट्रीय जनतंत्रिक गठबंधन (राजग) से जिन दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है, उनमें पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी, पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, बिजेन्द्र प्रसाद यादव,डा. प्रेम कुमार, नीरज कुमार सिंह, लेशी सिंह, नीतीश मिश्रा, सुनील कुमार पिंटू, सुमित कुमार सिंह, जयंत राज, विजय कुमार मंडल, मोहम्मद जमा खान, प्रमोद कुमार, कृष्ण नंदन पासवान, कृष्ण कुमार ऋषि, शीला मंडल, महाबली सिंह, दुलालचंद गोस्वामी,श्रेयसी सिंह, राजू तिवारी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता, अनिल कुमार, हिदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी की बहू दीपा कुमारी और समधन ज्योति देवी समेत अन्य शामिल हैं। इसी तरह महागठबंधन से पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव , पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, अब्दुल जलील मस्तान,बीमा भारती, कौशल यादव, पूर्णिमा यादव,राजेश राम, अजीत शर्मा, समेत अन्य की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है।

### भारत-नेपाल सीमा पूरी तरह सील

मधुबनी। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मद्देनजर भारत- नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा को रविवार से पूरी तरह सील कर दिया गया है। यह कदम किसी भी अवैध गतिविधि, बाहरी हस्तक्षेप या अप्रत्याशित घटना को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 48वीं बटालियन, जयनगर के अंतर्गत विभिन्न सीमा चौकियों पर तैनात जवानों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की धुआंधार जनसभाएं, बोले-

## एनडीए सरकार बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

**पटना/भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के ढाका विधानसभा क्षेत्र में रोड-शो कर पूर्वी चंपारण जिले की चिरैया सहित नरकटिया एवं मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामराज की सच्ची ताकत अगर कहीं से आती है तो वह बिहार की भूमि से आती है। यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच है। कंस और श्री कृष्ण एक ही कुलवंश के थे, लेकिन बिहार की जनता जानती है किसे चुनना है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवारवादी पार्टियों को अगर मौका मिला तो वह अपने परिवार के अलावा किसी का विकास नहीं होने देती हैं। बिहार का भविष्य संवारने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एनडीए प्रत्याशियों को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं। प्रधानमंत्री जी ने सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य किया और भारत का मान-सम्मान वैश्विक स्तर में बढ़ाने का कार्य किया है।

---

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा-

## संघ में मुस्लिम, ईसाई सबका स्वागत

- हम उनकी पृष्ठभूमि के बारे में नहीं पूछते
- हिंदू धर्म भी रजिस्टर्ड नहीं

**बेंगलुरु, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ में सभी का स्वागत है। जो लोग इस भूमि को अपनी मातृभूमि मानते हैं, वे संघ में शामिल हो सकते हैं। आरएसएस प्रमुख ने संघ के आउटरीज कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए कहा, किसी भी ब्राह्मण, शैव, मुसलमान या ईसाई को संघ से बाहर नहीं रखा गया है। केवल हिंदुओं को ही अनुमति है, और हिंदू से हमारा तात्पर्य उन सभी से है जो इस भूमि को अपनी मातृभूमि मानते हैं। विभिन्न संप्रदायों के लोग संघ में आ सकते हैं; बस अपनी अलग पहचान को अलग रखें।

उन्होंने यह टिप्पणी इस सवाल का जवाब देते हुए की कि क्या मुसलमानों को संघ में अनुमति है और संगठन अल्पसंख्यकों में विश्वास कैसे पैदा करना चाहता है। उन्होंने कहा, आपकी विशिष्टता का स्वागत है। लेकिन जब आप शाखा में आते हैं, तो आप भारत माता के पुत्र, इस हिंदू समाज के सदस्य के रूप में आते हैं। भागवत ने बताया, मुस्लिम और ईसाई भी हिंदू समाज की विभिन्न



जातियों के लोगों की तरह शाखा में आते हैं। हम न तो उनकी गिनती करते हैं और न ही उनकी पृष्ठभूमि के बारे में पूछते हैं। हम सभी भारत माता के पुत्र हैं। संघ सभी को इसी नजर से देखता है। उन्होंने कहा, पहले, चर्च जैसे कुछ समुदायों और समूहों को अलग या अछूता रखा जाता था। अब हमें उनसे संपर्क करने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे - यही हमारे आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य है। लेकिन आउटरीच का मतलब यह नहीं है कि हम उन पर कुछ थोपेंगे या कुछ करेंगे।

संघ प्रमुख ने बताया कि आयकर विभाग और अदालतों ने भी आरएसएस को 'बॉडी ऑफ इंडिविजुअल्स' के रूप में मान्यता दी है, जिसके कारण संगठन को आयकर से छूट मिली हुई है। भागवत ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा हम पर तीन बार प्रतिबंध लगाया गया। अगर हम होते ही नहीं, तो सरकार ने किस पर प्रतिबंध लगाया था? उन्होंने आगे कहा कि कई चीजें हैं जो पंजीकृत नहीं होतीं। उन्होंने अपने बयान में जोड़ा कि यहां तक कि हिन्दू धर्म भी पंजीकृत नहीं है।

### 6 साल पहले लॉन्च हुए चंद्रयान-2 से मिली अच्छी खबर

## 'ऑर्बिटर' से उन्नत डेटा एकत्र किया, सतह के अध्ययन में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** छह साल पहले लॉन्च किए गए चंद्रयान-2 से एक और खुशखबरी मिली है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शनिवार को अपडेट देते हुए कहा कि उसने चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्रों की गहरी समझ हासिल करने के लिए चंद्रयान-2 मिशन के 'ऑर्बिटर' से उन्नत डेटा एकत्र किया है, जिसमें इसकी सतह के भौतिक और परावैद्युत गुणों का वर्णन करने वाले पैमाने भी शामिल हैं। इसरो ने एक बयान में कहा कि यह भविष्य में चंद्रमा के अध्ययन के लिए भेजे जाने वाले अभियानों की दिशा में भारत का प्रमुख मूल्य संवर्धन है।

बयान के मुताबिक, चंद्रयान-2 का 'ऑर्बिटर' 2019 से चंद्रमा की कक्षा में है और उच्च गुणवत्ता वाला डेटा प्रदान कर रहा है। इसमें कहा गया है कि 'ऑर्बिटर' पर मौजूद एक पेलोड 'डुअल फ्रीक्वेंसी सिंथेटिक अपर्चर रडार (डीएफएसएआर)' वह पहला उपकरण है, जिसने एल-बैंड का पूर्ण-ध्रुवमितीय मोड में इस्तेमाल करके और



सबसे उच्च रिजोल्यूशन (25 मीटर/पिक्सेल) में चंद्रमा का मानचित्रण किया है। यह उन्नत रडार मोड ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज दोनों दिशाओं में सिग्नल भेजता और प्राप्त करता है, जिसके चलते इसे सतह के गुणों का अध्ययन करने के लिए आदर्श समझा जाता है। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण के बाद से, चंद्रमा के उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्रों (80 से 90 डिग्री अक्षांश) का मानचित्र बनाने के लिए लगभग 1,400 रडार डेटासेट एकत्र और संसाधित किए जा चुके हैं। अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी) के वैज्ञानिकों ने डेटासेट का इस्तेमाल करते हुए पानी-बर्फ की संभावित मौजूदगी, सतह के खुरदरेपन और 'परावैद्युत स्थिरांक' के संबंध में उन्नत डेटा एल्गॉरिदम तैयार किया है। परावैद्युत स्थिरांक' एक महत्वपूर्ण विद्युत गुण है, जो चंद्रमा की सतह के घनत्व और सरंध्रता जैसी विशेषताओं का वर्णन करता है। इसरो के मुताबिक, पूर्ण-ध्रुवमितीय डेटा के विश्लेषण के लिए एल्गोरिदम विकसित कर लिया गया है और इसरो ने इसे पूरी तरह से स्वदेशी रूप से तैयार किया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि ये उन्नत डेटा एल्गॉरिदम चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्रों के बारे में प्रथम-क्रम की जानकारी जुटाने के लिहाज से अहम हैं। उसने कहा कि ऐसा अनुमान है कि इन क्षेत्रों में सौरमंडल की प्रारंभिक रासायनिक संरचना संरक्षित रही होंगी, जो ग्रहों के विकास के कई पहलुओं को समझाने के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं।

## सार समाचार

### मैराथन दौड़ के साथ न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**आरोन, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश एवं मुख्य मार्गदर्शक प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष अमिताभ मिश्र तथा सचिव महोदया वंदना त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय गुना के मार्गदर्शन में, तहसील विधिक सेवा आरोन के अध्यक्ष बी.एस. सोलंकी की अध्यक्षता में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ रविवार को मैराथन दौड़ के माध्यम से किया गया। यह मैराथन दौड़ प्रात: 09:30 बजे प्रारंभ हुई। न्यायालय परिसर आरोन से शुरू हुई यह दौड़ नगर के मुख्य मार्गों जैसे अंबेडकर चौराहा, इंदिरा पार्क, पुराना चौराहा, मुख्य बाजार, दास हनुमान मंदिर, पुराना बायपास, और तहसील चौराहा से होते हुए वापस न्यायालय परिसर में आकर समाप्त हुई। यह %न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह% 9 से 14 नवंबर तक पूरे राज्य में मनाया जा रहा है। इसका शुभारंभ 09 नवंबर को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर हुआ, और यह 11 नवंबर विश्व शिक्षा दिवस तथा 14 नवंबर बाल दिवस पर संपन्न होगा। विधिक सेवा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना, विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना, तथा समाज के वंचित एवं कमजोर वर्ग तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना है। इन कार्यक्रमों का लक्ष्य छात्रों, युवाओं और आमजन को कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। मैराथन दौड़ में बी.एस. सोलंकी (व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड आरोन), महेश कुमार बमनहा (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरोन), कौरव यादव (मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरोन), लालता प्रसाद तिवारी (अध्यक्ष अभिभाषक संघ आरोन), सहित पुलिस थाना आरोन के जवान, होमगार्ड सैनिक, नायब नाजिर, लीगल एड स्टाफ, न्यायालयीन स्टाफ, एसडीएम स्टाफ, जनपद स्टाफ एवं आमजन ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सहभागिता की।

### स्कूल में पिटाई से छात्र के कंधे की हड्डी टूटी

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में सटई रोड पर स्थित डिमांड पब्लिक स्कूल में कक्षा 7वीं के एक छात्र की शिक्षक ने बेरहमी से पिटाई करके उसके कंधे की हड्डी तोड़ दी है। दरअसल छात्र ने दूसरे विषय की कॉपी निकाल



ली थी, इसी से नाराज होकर शिक्षक ने छात्र का हाथ मरोडकर पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार संध्या विहार कॉलोनी का रहने वाला 12 वर्षीय कृष्णा शिवहरे डिमांड पब्लिक स्कूल में कक्षा 7वीं में पढ़ता है। कृष्णा ने बताया हिंदी की क्लास में उसने गलती से दूसरे विषय की कॉपी निकाल ली थी। शिक्षक मोहित बुधोलिया इसी बात से नाराज हो गए और उन्होंने उसका दाहिना हाथ तेजी से मरोड़ कर पिटाई लगाई। उसने बताया कि शिक्षक ने मारपीट के बाद लगभग एक घंटे तक उसे क्लास से बाहर भी जाने नहीं दिया। इस दौरान बच्चा क्लास में ही रोता रहा और घर आकर दर्द से तड़पता रहा। दर्द कम नहीं हुआ तो कृष्णा को अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि कृष्णा के कंधे की हड्डी में फ्रैक्चर हुआ है। परिजन अब उसे इलाज के लिए जबलपुर ले गए हैं।

### डरा-धमकाकर किशोर से दुष्कर्म करता वृद्ध गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के जिला अस्पताल में 70 वर्षीय एक वृद्ध द्वारा धमकाकर 13 साल के एक किशोर को एक दो बार नहीं बल्कि कई बार दुष्कर्म का शिकार बनाने का मामला सामने आया है। पीड़ित किशोर को बाल गहन चिकित्सा इकाई पीआईसीयू में भर्ती कराके पुलिस ने आरोपी वृद्ध को पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार, 13 वर्षीय किशोर का पिता दुर्घटना में गंभीर घायल होकर पिछले 5 माह से जिला अस्पताल में भर्ती है, किशोर उसकी देखरेख में अस्पताल में रुकता है। शनिवार की रात जब वृद्ध रिक्शा चालक शब्बीर खान अपने साथ किशोर को लेकर अस्पताल के अंधेरे हिस्से की ओर जा रहा था, तो गार्ड को संदेह हुआ। उसने पीछा किया और रैंप पर वृद्ध को किशोर के साथ दुराचार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। वृद्ध ने स्वीकार किया कि ये सब पिछले पांच दिनों से चल रहा था। किशोर ने बताया आरोपी शब्बीर खान उसे जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ लगातार गलत काम कर रहा था। यह भी बात सामने आई है कि आरोपी वृद्ध ने किशोर के साथ सिर्फ अस्पताल में ही नहीं, बल्कि मेला ग्राउंड में भी दुष्कर्म किया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया आरोपी शब्बीर खान किशोर से दुष्कर्म के आरोप में पकड़ लिया है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

रविवार को शहर में दो संगठनों के राज्य स्तरीय आयोजन, सरकारों पर साधा निशाना

# मजदूर और महिलाओं के हक की आवाज उठी

**गुना, देशबन्धु।** रविवार को गुना में सीटू और एआईएमएसएस संगठनों द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों ही संगठनों ने अधिकारों को लेकर संघर्ष करने की बात कही और केंद्र व राज्य सरकारों पर निशाना साधा। सीटू के सम्मेलन में केंद्र की मोदी और मध्यप्रदेश की मोहन सरकार पर मजदूरों के अधिकारों को कुचलने का आरोप लगाया गया है।

संगठन ने इस सम्मेलन के बहाने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की और भविष्य की रणनीति भी बनाई। उधर, महिला सांस्कृतिक संगठन ने राज्य स्तरीय सम्मेलन में राष्ट्रव्यापी मांगों को शामिल किया। इसमें अश्लीलता, महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अत्याचार और प्रदेश स्तरीय मुद्दे स्कूल व स्मार्ट मीटर को लेकर भी हल्लाबोल किया गया है।





### सीटू के सम्मेलन में मेहनतकशों पर फोकस

**गुना, देशबन्धु।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) की मध्य प्रदेश राज्य इकाई का तीन दिवसीय 15वां सम्मेलन गुना में 9 से 11 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसी सिलसिले में, रविवार को गुना में एक विशाल रैली और आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें मजदूर और अन्य मेहनतकश लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए केंद्र और राज्य सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की। सम्मेलन का मुख्य एजेंडा बीते तीन वर्षों की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करना और आगामी तीन वर्षों के लिए संगठन की रणनीति पर व्यापक चर्चा करना है। सीटू नेताओं ने सरकार पर मजदूरों के जनवादी अधिकारों को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने मजदूरों के लिए बनाए गए 43 श्रम संहिताओं को समाप्त कर दिया है और उनके स्थान पर सिर्फ तीन नए कानून बनाए हैं, जिन्हें मजदूर विरोधी बताया जा रहा है। संगठन ने अंशकालीन आधार पर भर्ती शुरू करने और रोजगार का स्वरूप बदलने की कोशिशों का भी कड़ा विरोध जताया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में राज्य सचिव कश्मीर सिंह ठाकुर और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एम. सांई सहित सीटू के कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी मौजूद हैं।

### रैली के बाद महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा

**गुना, देशबन्धु।** ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन का मध्य प्रदेश स्तरीय द्वितीय कॉन्फ्रेंस का खुला अधिवेशन लक्ष्मीगंज में आयोजित किया गया। इस आयोजन में गुना सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया और अपने हकों तथा सामाजिक मुद्दों से जुड़ी मांगों को पुरजोर तरीके से रखा। सम्मेलन की शुरूआत शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई एक विशाल रैली के साथ हुई, जो आयोजन स्थल लक्ष्मीगंज पहुँची। रैली के बाद खुले अधिवेशन में संगठन के देशभर से आए वक्ताओं ने महिलाओं और युवतियों को संबोधित किया। कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी लागू करने, मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने और समाज में व्याप्त अश्लीलता पर रोक लगाने की मांग को प्रमुखता से उठाना था। महिलाओं ने अन्य जनहितैषी मुद्दों पर भी अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का व्यापक स्तर पर विरोध किया, और साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को बंद करने के निर्णय का भी कड़ा विरोध जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की गई। सम्मेलन महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों को लेकर संगठन की प्रतिबद्धता के लिए आयोजित किया गया था।

# वन भूमि का पट्टा लेने कलेक्ट्रेट में लगा हुजूम



**गुना, देशबन्धु।** बमोरी ब्लॉक के कई गांवों से सैकड़ों की संख्या में कब्जाधारी किसान रविवार होने के बावजूद, गुना कलेक्ट्रेट परिसर स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग में अपने दस्तावेज जमा करने पहुंच गए।

दरअसल, बमोरी क्षेत्र में वन विभाग की जमीन पर काफी तादाद में लोग काबिज हैं, जिसे लेकर वन विभाग ने एक ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत इन लोगों को नोटिस थमाए हैं। इस प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र और अपात्र कब्जाधारियों की पहचान करना है। नोटिस प्राप्त करने वाले इन ग्रामीणों को अपने दस्तावेज और वन विभाग द्वारा दिए गए नोटिस को विभाग में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जिन लोगों के पास 2005 या उससे पहले से कब्जे का कोई प्रमाण, जैसे जुमार्ना रसीद या कोई अन्य सबूत होगा और जो ऑनलाइन जाँच में पात्र पाए जाएँगे, उन्हें ही पट्टा दिया जाएगा। इसी प्रक्रिया के तहत, विभिन्न गाँवों के लोग अपने-अपने नोटिस और पहचान पत्र जमा करने के लिए कलेक्ट्रेट पहुँचे। अवकाश का दिन होने के बावजूद, कर्मचारियों ने आदिम जाति कल्याण विभाग में दस्तावेज जमा करने और हस्ताक्षर करवाने की यह प्रक्रिया उचित समझी और उसे पूरा किया। ग्रामीणों के मुताबिक, वन विभाग वास्तविक कब्जाधारियों को पट्टा देने की तैयारी कर रहा है, हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि छोटे कब्जाधारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। लोगों ने अपने पहचान पत्र के साथ वन विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिस की प्रति जमा कराई है।

एक महीने के भीतर इलाके में तीसरी वारदात

# बीज निगम के पास चाय की दुकान के ताले चटकाए



**गुना, देशबन्धु।** शहर के सर्वाधिक व्यस्ततम इलाकों में शामिल बीज निगम और इसके आसपास का क्षेत्र चोरों के निशाने पर है। बदमाशों ने एक महीने में तीसरी वारदात को अंजाम दिया है।

ताजा वारदात बीज निगम के समीप नाले पर रखी एक चाय की दुकान में सामने आई है। यहां बदमाशों ने रात के समय पहले ताले चटकाए और अंदर जाकर गुटखा-पाऊच सहित गैस का सिलेंडर चोरी कर लिया। इसके बाद दुकान के तालों को उसी तरह रख दिया, ताकि आने-माने वालों को संदेह न हो सके। दुकान मालिक बंटी लोधा रविवार सुबह पहुंचे, तब ताले टूटे हुए देखकर उनके होश फाख्ता हो गए। बंटी के मुताबिक बदमाशों ने करीब 15 से 20 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया है। जिसमें महंगे पान-मसाले, सिगरेट और एक भरा हुआ गैस सिलेंडर भी शामिल है। बता दें कि इस इलाके में कुछ ही दिनों के भीतर चोरी की यह तीसरी वारदात है। सबसे पहले बदमाशों ने यातायात थाने के सामने इसी रोड पर स्थित जिला पंचायत कॉम्पलेक्स में एक साथ तीन दुकानों के ताले तोड़े थे। इसके बाद दो दिन पहले शिक्षा विभाग के सामने इसी तरह नाले पर रखी एक टायर्स दुकान में वारदात को अंजाम दिया। अब 48 घंटों के भीतर बदमाशों ने एक और वारदात को अंजाम देकर यहां व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को चिंता में डाल दिया है।

संभाग की नई कार्यकारिणी का गठन

# भारतीय डाक कर्मचारी संघ का शिवपुरी में संभागीय अधिवेशन संपन्न

**गुना, देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित राष्ट्रीय विचारधारा की डाक कर्मियों की यूनियन, भारतीय डाक कर्मचारी संघ की गुना एवं शिवपुरी संभाग इकाई का संयुक्त संभागीय अधिवेशन 9 नवंबर रविवार को शिवपुरी के होटल मातोश्री में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भारत माता, भगवान विश्वकर्मा और दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुआ, जिसके बाद भारतीय मजदूर संघ का गीत गाया गया। अधिवेशन में शिवपुरी के विधायक देवेंद्र जैन जी, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजू बाथम जी, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह तोमर सहित कई गणमान्य नेता और यूनियन पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में डाक कर्मियों के इस संगठन को भारत का सबसे बड़ा संगठन बताया। अधिवेशन में डाक कर्मियों की ज्वलंत और लंबित मांगों पर चर्चा कर आगे की रणनीति तय की गई। इस दौरान अशोकनगर, गुना और शिवपुरी के समस्त डाक कर्मी उपस्थित थे। अंत में, इस अधिवेशन का सबसे महत्वपूर्ण चरण दो साल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन था। गुना डाक संभाग में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं, जिसके तहत ग्रुप सी के अध्यक्ष सचेंद्र तिवारी, सचिव के.के. भार्गव, और कोषाध्यक्ष गजेंद्र टंडेल बनाए गए हैं। इसी तरह पोस्टमैन एवं एमटीएस के लिए अध्यक्ष अभिषेक दुबे, सचिव अजय साहू, और कोषाध्यक्ष सुधीर वर्मा को जिम्मेदारी दी गई, जबकि जीडीएस के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा जंघार, सचिव रविराव पाटिल, और कोषाध्यक्ष मोहन बंजारा को चुना गया।

### तात्या टोपे विश्वविद्यालय में सप्लीमेंट्री परीक्षाएं आज से शुरु

**गुना, देशबन्धु।** नव स्थापित क्रांतिवीर तात्या टोपे विवि (केटीटीवी), गुना की स्नातक प्रथम वर्ष की पूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षाएं कल, 10 नवंबर से दो पारियों में आयोजित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय द्वारा आज, 08 नवंबर 2025 को इस संबंध में विस्तृत जानकारी जारी की गई है और समय सारणी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइटा पर अपलोड कर दी गई है। साथ ही, गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी के सभी संबद्ध महाविद्यालयों को भी इस समय सारणी से अवगत करा दिया गया है। विश्वविद्यालय के प्रभारी परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभात चौधरी ने बताया कि सत्र 2024-25 के स्नातक पाठ्यक्रम में पूरक की पात्रता प्राप्त सभी विद्यार्थी एमपीऑनलाइन पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। परीक्षा हेतु कुल चार केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें गुना जिले के परीक्षार्थियों हेतु शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना, शिवपुरी जिले के परीक्षार्थियों हेतु शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी, अशोकनगर जिले के परीक्षार्थियों हेतु शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर, तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभागों में अध्ययनरत परीक्षार्थियों हेतु विश्वविद्यालय परिसर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# अग्रवाल महिला मंडल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपोत्सव

### अग्रवाल महिला मंडल द्वारा समाज की एकजुटता और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है



**गुना, देशबन्धु।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा दीप मिलन कार्यक्रम दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीपावली के आगमन से पूर्व मिल-जुलकर खुशियाँ मनाईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल की अध्यक्ष नीलम बिंदल, सचिव स्वाति अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष मालती मित्तल द्वारा अग्रवाल समाज के आराध्य भगवान अग्रसेन और माँ लक्ष्मी जी को तिलक लगाकर, माल्यार्पण करने और दीप प्रज्वलित करने के साथ किया गया। उत्सव में उपस्थित सभी महिलाओं के लिए कई प्रकार के मनोरंजक गेम आयोजित किए गए। सभी ने मिलकर हाऊजी का भी खूब आनंद लिया।

अध्यक्ष नीलम बिंदल ने बताया कि अग्रवाल महिला मंडल द्वारा समाज की एकजुटता और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

इसी सिलसिले में आयोजित दीपोत्सव पार्टी में कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ उनके कपल को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। सभी ने मिलकर इस उत्सव का भरपूर आनंद लिया और एक दूसरे को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर नीलम प्रदीप बिंदल, स्वाति रमेश अग्रवाल, बबीता रविंद्र अग्रवाल, शोभा पंकज वैश्य, ममता अशोक अग्रवाल, माधुरी श्याम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

गायत्री मंदिर में संगठन का 20वां आयोजन सम्पन्न

# ब्राह्मण समाज के सम्मेलन में 3 सौ युवाओं ने दिया मंच से परिचय



**गुना, देशबन्धु।** संपूर्ण सनातन सभा का 20वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से आए 300 युवक-युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया है। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ की गई। इसके बाद अतिथियों के स्वागत की परंपरा कर निर्वाहन किया गया। परिचय सम्मेलन को लेकर समाजजनों में उत्साह इतना था कि आयोजन स्थल पूरी तरह खचाखच भरा नजर आया। इसके बाद युवक-युवतियों द्वारा मंच पर अपना परिचय देने की शुरुआत की गई। अच्छी बात यह रही कि अधिकांश युवक-युवतियों ने आत्मविश्वास से लबरेज होकर अपना परिचय दिया और उन्हें कैसा जीवन साथी चाहिए, इस पर भी अपनी राय खुलकर व्यक्त की गई। परिचय सम्मेलन में मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलों के अलावा राजस्थान, उत्तरप्रदेश से भी प्रतिभागी शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम के दौरान समाज परिचय सम्मेलन की एक स्मारिका का वितरण किया गया, जिसमें 600 युवक-युवतियों का परिचय प्रकाशित किया गया था।

आयोजकों के मुताबिक परिचय सम्मेलन हमेशा की तरह इस बार भी पूरी तरह सफलता के आयामों को छूने में कामयाब रहा है। कार्यक्रम के दौरान इसी तरह का आयोजन 28 दिसंबर को करने की घोषणा की गई है, जिसके रजिस्ट्रेशन भी शुरु करवा दिए गए हैं।

सेवा भारती द्वारा जनजातीय गौरव सप्ताह

# छात्रों को वितरित किए गर्म वस्त्र, प्रधान न्यायाधीश ने सराहा



**गुना, देशबन्धु।** सेवा भारती गुना द्वारा 7 से 15 नवंबर 2025 तक मनाए जा रहे जनजातीय गौरव सप्ताह के अंतर्गत, रविवार को सेवा भारती वनवासी कन्या छात्रावास, खेड़ापति कॉलोनी, गुना में एक गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बड़े उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकता की भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अमिताभ मिश्रा जी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता संघ गुना के अध्यक्ष भूपनारायण सोलंकी थे। अतिथियों द्वारा छात्रावास की छात्र-छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्य अतिथि मिश्रा ने अपने संबोधन में सेवा भारती के सेवा प्रकल्पों की हृदय से सराहना की। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज सदैव प्रकृति और पर्यावरण का पूजक रहा है।

इसलिए समाज का दायित्व बनता है कि जनजाति समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा देकर इन्हें राष्ट्र के लिए उपयोगी बनाया जाए। उन्होंने जनजाति समाज की बच्ची मीनाक्षी भिलाला को उसकी आगामी उच्च शिक्षा के लिए आश्वासन भी दिया।

महाकौशल विवि ऑफिस चोरी का खुलासा

### शातिर चोर धारत लोधा गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** जिला पंचायत कॉम्पलेक्स स्थित एक विश्वविद्यालय कार्यालय से हुई चोरी के शातिर आरोपी धारत लोधा को गिरफ्तार किया है। एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। दरअसल, फरियादी रविनंदन पुत्र वीर सिंह धाकड़ ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जिला पंचायत कॉम्पलेक्स में महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुर की गुना ब्रांच का ऑफिस है। 29 अक्टूबर की शाम को ऑफिस बंद करके जाने के बाद, अगली सुबह जब वह पहुँचे, तो शटर के ताले टूटे हुए थे। अंदर काउंटर में रखे कुछ नगदी रुपए और एक मोबाइल गायब मिला, जिसकी चोरी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कर ली गई थी। एसपी अंकित सोनी द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत, कैंट थाना पुलिस ने इस चोरी के प्रकरण में सक्रियता दिखाते हुए अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद ली। सघन प्रयासों के बाद, विगत दिवस मुखबिर की सूचना पर प्रकरण में संदेही धारत पुत्र रामलाल लोधा , निवासी चांदशाह वली रोड़ उमरिया, थाना केंट गुना को हिरासत में लिया गया।

समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने दिलाई नई जिंदगी

# बेसहारा बुजुर्ग माताजी को मिला अपना घर



**गुना, देशबन्धु।** गुना निवासी बेसहारा और बीमार बुजुर्ग माताजी गोपी सोनी (अम्मा) को समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने सहारा देकर मानवता की मिसाल पेश की है। अब अम्मा शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम में सम्मान और देखभाल के साथ रह सकेंगी। गोपी सोनी अम्मा पिछले कई दिनों से लकवे की बीमारी से पीड़ित होकर जिला अस्पताल, गुना में भर्ती थीं। उनके पास न तो रहने के लिए कोई घर था और न ही कोई ठिकाना। उनका एक बेटा है, लेकिन मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वह उनकी देखभाल करने में असमर्थ था। समाजसेवी प्रमोद भार्गव पिछले पाँच वर्षों से अम्मा को जानते थे। वह पहले गुना बड़े जैन मंदिर के पास एक कच्चे किराए के मकान में अपने बेटे के साथ रहती थीं और लोगों के घरों में खाना बनाकर अपना जीवनयापन करती थीं। बीमारी के कारण जब उनका काम बंद हो गया, तो किराए का भुगतान करना भी असंभव हो गया और वह पूरी तरह बेसहारा हो गईं। भार्गव उनसे मिलने अक्सर जाया करते थे।

अम्मा की दयनीय स्थिति को देखते हुए, समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने पहले गुना में उनके लिए अस्थायी रहने की व्यवस्था की। इसके बाद, उन्होंने माताजी के परिवार और रिश्तेदारों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने भी उनकी जिम्मेदारी लेने के लिए आगे कदम नहीं बढ़ाया। अंतत: भार्गव ने उन्हें शिवपुरी स्थित प्रतिष्ठित अपना घर आश्रम में भर्ती कराया।अब माताजी गोपी सोनी की संपूर्ण देखरेख और उपचार अपना घर आश्रम द्वारा किया जाएगा।

# लकड़ी के बाजार में लगी भीषण आग

## 3 घंटे बाद भी काबू नहीं, दमकल की 20-25 गाड़ियां बुझाने में जुटीं



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल रेलवे स्टेशन के पास पातरा पुल से लगे लकड़ी के बाजार में रविवार को भीषण आग लग गई है। देखते ही देखते आग ने करीब 5 से 6 कारखानों को अपनी चपेट में ले लिया है। इसके चलते लपटें और धुएं के गुबार उठने से अफरा तफरी मच गई। आग काफी दूर से देखी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लकड़ी के बाजार के एक करखने में शाम करीब साढ़े 7 बजे आग लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दमकलें मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप लेकर आसपास के अन्य कारखानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। यहाँ लकड़ी और फर्नीचर बड़ी मात्रा में रखा हुआ था। सूखी लकड़ियां होने से आग ज्यादा भड़क गई। इसे काबू करने के लिए लगने की दमकल की करीब 20 से 25 गाड़ियां से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश में जुटी है। आग के कारण भारत टॉकीज इलाके की बिजली बंद कर दी गई है। पात्रा पुल की तरफ आने वाली मुख्य सड़क को भारत टॉकीज और बोगदा पुल के पास से बंद कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक आग इतनी भीषण थी कि 5 से 6 कारखाने जलकर पूरी तरह खाक हो चुके हैं। अच्छी बात ये है कि किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आग लगने का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। हालांकि, इलाके के कुछ लोग आशंका जता रहे हैं कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।

### कलेक्टर बोले- कोई जनहानि नहीं हुई

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। नगर निगम की दमकलें लगातार प्रयास कर रही हैं। जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर हैं। कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने की वजह भी पता लगा रहे हैं।

### आग पर रेलवे विभाग की भी नजर

जहां आग लगी है, वहां पास से रेलवे की पटरी भी गुजरती है। ऐसे में रेलवे लगातार स्थिति में नजर रखे है। रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी नवल अग्रवाल का कहना है कि हम लगातार नजर बनाए हुए हैं। अभी तक किसी भी प्रकार का रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ है। जहां आग लगी है वहां से रेलवे पटरी करीब सो से डेढ़ सो मीटर दूर है।

# नौसेना के दो जवानों की सड़क हादसे में मौत

### अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर हुआ फरार

### अभ्यास के लिए निकले थे तब हुआ हादसा

**भोपाल, देशबन्धु।** परवलिया इलाके में नौसेना के दो जवानों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की इलाज के दौरान सुबह मौत हो गई। बताया गया हे कि यह दोनों जवान बोट क्लब पर अभ्यास के लिए भोपाल आने के लिए निकले थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। फ़िलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी रोहित नागर के मुताबिक विष्णु आर्य उम्र 27 वर्ष और आनंद कृष्णन उम्र 18 वर्ष रक्षा बिहार कॉलोनी में रहते थे और नौसेना में आरक्षक थे। दोनों ही मूल रूप से केरल के रहने वाले थे। रविवार तड़के 3 बजे बजे दोनों भोपाल बोट क्लब पर अभ्यास करने के लिए मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकले थे। कॉलोनी के करीब मुख्य मार्ग पर उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। साथियों ने घायल हालत में दोनों को अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने कुछ देर चले इलाज के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने साथी स्टाफ की मौजूदगी में रविवार की दोपहर को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। साथ ही परिजनों को सुचना दे दी गई है। उनके यहाँ पहुंचने के बाद शव उन्हें सोपें जाएंगे।

### सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही पुलिस

पुलिस का कहना है कि रक्षा बिहार कॉलोनी रक्षा विभाग की कॉलोनी है, जहां आस पास कई सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उक्त कैमरों की तस्वीरों को देख जा रहा है, जिससे टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके। मामले की जांच की जा रही है।

### घटना स्थल पर मिले दो हेलमेट

बताया गया है कि पुलिस को घटना स्थल से दो हेलमेट मिले हैं। पास ही एक खंबा नीचे गिरा हुआ पुलिस को मिला है। घटना में मोटरसाइकिल पूरी तरह से चकनाचूर हो चुकी है। इससे पुलिस का अनुमान है कि हादसे के समय दोनों युवक हेलमेट पहने हुए थे और किसी भारी वाहन की टक्कर से हादसा हुआ है।

### अधिवक्ता के घर कुत्ते ने काटा तो अधिकारियों ने बीएलओ से की अपील

# *एसआईआर के लिए जाएं तो पूछ लें- कुत्ता बंधा है क्या*



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में मतदाताओं के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) के तहत दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में एक मतदाता के घर गणना पत्रक देने गए बीएलओ पर कुत्ते ने हमला कर दिया। इस दौरान कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया, इससे वह घायल होने के साथ ही भयभीत हो गए। इस घटना के बाद से अधिकारियों ने बीएलओ से कहा है कि कुत्ते बंधा है या नहीं, इसकी जानकारी मतदाता से पहले पुख्ता कर लें, तभी घरों में जाएं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 63 के बीएलओ कैलाश केदार गुरुवार को मतदाता गणना पत्रक वितरित करने का काम कर रहे थे। वह कोटरा सुल्तानाबाद वैशाली नगर स्थित मकान नंबर पांच में रहने वाले अधिवक्ता के घर पहुंचे थे। यहां वह गणना पत्रक लेकर घर के अंदर पहुंचे ही थे कि वहां पहले से मौजूद कुत्ते ने बीएलओ पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया, उन्होंने बमुश्किल अपनी जान बचाई और बाहर आ गए। इसके बाद उन्होंने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित अन्य साथियों को सूचना दी। इससे उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं टीटीनगर एसडीएम डॉ. अर्चना शर्मा ने बताया कि बीएलओ जब भी किसी मतदाता के घर गणना पत्रक देने जाएं तो पहले पूछ लें कि उनके घर कुत्ता बंधा है या नहीं। साथ ही मतदाता भी बीएलओ का सहयोग करने की अपील की है, जिससे एसआइआर का काम समय पर पूरा हो सके।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नरेला एवं हुजूर में किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव झा द्वारा रविवार को गोविंदपुरा स्थित एसडीएम कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 151- नरेला एवं 155- हुजूर में प्रचलित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री झा ने प्रपत्र मुद्रण तथा प्रपत्र वितरण की प्रगति की जानकारी ली।इस दर्जन उन्हें बताया गया कि कुल 11.लाख 20 हजार प्रपत्र का वितरण किया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी तत्काल अपने-अपने बीएलओ से संपर्क स्थापित करें और आज रात तक अधिकतम मैपिंग कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक अधिकारी एवं बीएलओ प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से फील्ड पर उपस्थित रहें तथा कार्य की नियमित समीक्षा करते रहें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक बीएलओ के कार्य की प्रति 3-4 घंटे समीक्षा की जाए एवं प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए। जहां कार्य की गति धीमी हो, वहां संबंधित अधिकारी स्वयं फील्ड पर जाकर बीएलओ के साथ मिलकर कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य की नियमितता, गुणवत्ता, शुद्धता एवं पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य समय पर और सटीक रूप से पूर्ण हो सके। निरीक्षण के दौरान नरेला एवं हुजूर क्षेत्र के एसडीएम उपस्थित रहे।

# अब घुटने के दर्द के लिए यूकेआर तकनीक नई उम्मीद

## जीएमसी ने विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी



**भोपाल, देशबन्धु।** घुटने के दर्द से परेशान मरीजों के लिए राहत की नई किरण लेकर आई है यूनिकॉम्पार्टमेंटल नी रिप्लेसमेंट (यूकेआर) तकनीक। इस अत्याधुनिक तकनीक से किए जाने वाले आपरेशन से अब सिर्फ घुटने के प्रभावित हिस्से को ही बदला जाता है, जिससे मरीजों को कम दर्द, जल्दी आराम और पहले जैसा स्वाभाविक अनुभव मिल रहा है।

इसी तकनीक की जानकारी और प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से गांधी मेडिकल कालेज (जीएमसी) द्वारा भोपाल ऑर्थोपेडिक सर्जन्स सोसाइटी (बीओएसएस) के सहयोग तथा एमपी आर्थ्रोप्लास्टी सोसाइटी (एमपीएस) और एमपीआईओए (एमपीओए) के तत्वावधान में यूकेआर डे स्कूल एवं आपरेशन कि प्रक्रिया कि प्रस्तुति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत विशेषज्ञों के व्याख्यान और समूह चर्चा से हुई, जिसमें प्रदेशभर के अनुभवी हड्डी रोग विशेषज्ञ शामिल हुए। इसके बाद ऑपरेशन प्रस्तुति सत्र में चिकित्सकों ने वास्तविक ऑपरेशन प्रक्रिया को देखा और यूकेआर ऑपरेशन के हर चरण को करीब से समझा। साथ ही, हैंड्स-ऑन सॉ बोन कार्यशाला में सर्जनों को प्रयोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। डॉ. हेमंत मंडोवरा ने बताया कि यूकेआर तकनीक घुटने के केवल प्रभावित हिस्से को बदलती है। यह आपरेशन न सिर्फ सटीक और सुरक्षित है, बल्कि इससे मरीज को कम दर्द होता है और वह बहुत जल्दी अपने सामान्य जीवन में लौट सकता है।

गांधी मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष गोहिया ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिक से अधिक विशेषज्ञों को इस उन्नत तकनीक से परिचित कराना है ताकि वे इसे इलाज में लागू कर सकें। उन्होंने बताया, यूकेआर उन मरीजों के लिए वरदान है, जो घुटने के शुरुआती या एक हिस्से के रोग से पीड़ित हैं। इस तकनीक से पूरा घुटना नहीं, बल्कि केवल प्रभावित भाग ही बदला जाता है, जिससे मरीज बहुत जल्दी ठीक होता है। इस अवसर पर डॉ. शीतल गुप्ता और डॉ. अनुराग तिवारी ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रम चिकित्सकों के बीच ज्ञान-विनिमय और नई तकनीकों के प्रसार में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर इंदौर के प्रसिद्ध जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. हेमंत मंडोवरा ने प्रतिभागियों को नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।

# स्कॉलरशिप के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

**भोपाल, देशबन्धु।** कॉलेज और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित सेंट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स के तहत आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब छात्र 31 अक्टूबर के बजाय 15 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसकी जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी की है। यह छात्रवृत्ति योजना माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश भोपाल के माध्यम से संचालित की जाती है। इस योजना का लाभ उन विद्यार्थियों को मिलता है, जिन्होंने माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकंडरी परीक्षा वर्ष 2025 में 80 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। ये विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं, जबकि वर्ष 2021 से 2024 तक चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करेंगे। सभी आवेदन नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर केवल ऑनलाइन ही भरे जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे आवेदन करने से पहले पोर्टल पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो और छात्रवृत्ति प्रक्रिया में बाधा न आए।

# साइबर यौन अपराध के खिलाफ अब फर्जी वेबसाइट बनाने वालों पर भी होगी कार्रवाई

**भोपाल, देशबन्धु।** सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध साइबर यौन अपराध वाले तस्वीर -वीडियो या अश्लील सामग्री दर्ज करने के मामले में पुलिस अब वेबसाइट बनाने और उपयोग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। इसके तहत इनके विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर केंद्र सरकार की भी मदद ली जाएगी। फिलहाल इन वेबसाइटों को ब्लॉक करा दिया गया है।

राज्य साइबर मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि राज्य साइबर मुख्यालय ने अभी ऐसी 25 वेबसाइट चिह्नित की हैं। कुछ और मामलों की जांच चल रही है, जिससे इनकी संख्या बढ़ सकती है। जांच में सामने आया है कि वेबसाइट बनाने और उपयोग करने वाले इनसे अच्छी कमाई कर रहे हैं। व्यक्तिगत स्तर पर भी लोग इन वेबसाइटों पर महिलाओं और बच्चों के अश्लील फोटो, वीडियो या अन्य सामग्री अपलोड कर रहे हैं। साथ ही कुछ लोगों ने ऐसी सामग्री डाउनलोड कर उसे प्रसारित करने को धंधा बना लिया है। अधिकारियों ने बताया कि आइपी एड्रेस के आधार पर पहचान करेंगे कि वेबसाइट का उपयोग कब और कहां-कहां किया गया है। साइबर मुख्यालय के एसपी प्रणय नागवंशी ने बताया कि इसके आधार पर मध्य प्रदेश में उपयोग करने वालों के विरुद्ध यहां की पुलिस एफआईआर व अन्य वैधानिक कार्रवाई करेगी। दूसरे राज्यों में उपयोग होने की स्थिति में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर (आइ-4सी) को जानकारी साझा की जाएगी, जिससे उन राज्यों में आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई हो सके।

### ऑपरेशन नयन के तहत की जा रही कार्रवाई

उल्लेखनीय हे कि मध्य प्रदेश साइबर मुख्यालय ने महिलाओं-बच्चों के विरुद्ध साइबर यौन अपराध करने वालों को पकड़ने के लिए 10 अक्टूबर से छह नवंबर तक ऑपरेशन नयन चलाया था, जिसमें जनवरी, 2024 से अब तक आई 833 शिकायतों की जांच में 50 में प्रकरण दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। देश में पहली बार इस तरह का अभियान चलाया गया।

# बिजली कटौती, जर्जर तारों और अवैध वसूली से त्रस्त है ग्रामीण

**बैतूल, देशबन्धु।** शाहपुर ब्लॉक के ग्राम ढप्पा, टेमरा, रामपुर, सेहरा, भग्गूढाना, हाथीकुंड, बोंदरी, सितलझिरी, रामपुर खोखरा और काजरीढाना के सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर बिजली कंपनी की लापरवाही पर गंभीर आपत्ति जताई है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई महीनों से लगातार बिजली कटौती, जर्जर तारों और लाइन फॉल्ट के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। किसानों को पम्प लाइन बंद होने से सिंचाई नहीं मिल पा रही, जिससे पीने के पानी की किल्लत और पशुपालन पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विशेष रूप से मौजूदा लाइनमैन की उदासीनता का मुद्दा उठाया, यह आरोप लगाया कि वह शिकायतों पर ध्यान नहीं देता, फोन नहीं उठाता और मौके पर कभी नहीं पहुंचता। इस कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

# टीवीएस एटीओआरक्यू 150 अब भोपाल की सड़कों पर भी

**भोपाल, देशबन्धु।** डीआईजी बांग्ला स्तिथ कोहिनूर टीवीएस पर आज टीवीएस एंटीओआरक्यू 150 लॉन्च हुआ, जो युवाओं के लिए एकदम रेसिंग स्टाइल वाला हाइपर स्कूटर है। इस नए मॉडल में 150 सीसी इंजन, स्टाइलिश एलईडी लुक, दो राइड मोड साथ ही स्मार्टफोन चार्जिंग और मोबाइल होल्डर जैसी सुविधाएं है इसे बनाती हैं। लॉन्च कार्यक्रम में टीवीएस मोटर्स के एरिया मैनेजर विष्णुकांत, शारुख कपाड़िया, नवीन और रितेश, कोहिनूर टीवीएस के संचालक भरत मतलानी और योगेश मतलानी, पार्षद मनोज राठौर के साथ ही शहर की प्रतिष्ठित हस्तियाँमौजूद थी।

# चित्रांश परिवार दीपावली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न




**भोपाल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, मध्य भारत प्रांत भोपाल एवं जिला ईकाई भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में नेवरी मंदिर स्थित चित्रगुप्त धाम में चित्रांश परिवार मासिक बैठक एवं दीपावली मिलन ङ्क प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन व्यक्ति को समाज से जोड़ने का बेहतर माध्यम हैं, लेकिन इन आयोजन में अगर अपने परिवार-बच्चों के साथ अगर सभी आयेंगे तो हमारे बच्चों को भी उत्कृष्ठ संस्कार प्राप्त होंगे और इससे जब समाज मजबूत होगा तो देश ओर राष्ट्र भी मजबूत ओर एकजुट होगा तथा इस प्रकार के आयोजनों की सार्थकता सिद्ध होगी। आरम्भ में प्रदेशाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव ने आयोजन की रूपरेखा बताई एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री अजय श्रीवास्तव नीलू ने संगठन को एकजुट करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में 12 वी और 10 वी में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया। आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष श्री महेंद्र श्रीवास्तव ने किया । आयोजन में अजात शत्रु श्रीवास्तव, पंकज कुलश्रेष्ठ, बृजेश श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, दिनेश सक्सेना, डी.के.श्रीवास्तव, चंद्रेश सक्सेना, व्योम खरे, अमोल सक्सेना, सौरभ-हर्ष कुलश्रेष्ठ, मीना-अरूण श्रीवास्तव, राशि सक्सेना सहित अनेक सामाजिक जन उपस्थित हुए।

# 17 साल से लागू वन अधिकार कानून अब तक अधूरा: जयस

**बैतूल, देशबन्धु।** जनजातीय अधिकारों के संरक्षण को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन (जयस) ने केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य विभाग डीडी उइके को ज्ञापन सौंपते हुए बैतूल जिले में वन अधिकार कानून 2006 के उल्लंघन, अवहेलना और दुर्दशा का आरोप लगाया। संगठन ने बताया कि जनवरी 2008 से जिले में लागू वन अधिकार कानून के बावजूद अब तक आदिवासियों और पारंपरिक वन निवासियों को उनके कानूनी अधिकार नहीं मिल पाए हैं। जयस ने इस विषय को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए इसे राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर देखने की अपील की और तत्काल प्रभाव से वास्तविक अभियान चलाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में संदीप कुमार धुर्वे, राजा धुर्वे, महेश उइके और सुनील करोचे शामिल रहे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मध्यप्रदेश शासन ने 10 जून 2008 के पत्र के माध्यम से बड़े झाड़ और छोटे झाड़ के जंगल मद में दर्ज भूमि पर निस्तार पत्रक और अधिकार अभिलेख में सामुदायिक वन अधिकार सौंपने के निर्देश दिए थे। लेकिन बैतूल जिले में आज तक इस पर कोई कार्यवाही प्रारंभ नहीं की गई। राजस्व विभाग ने बड़े झाड़ के जंगल मद में 1,14,361 हेक्टेयर और छोटे झाड़ के जंगल मद में 27,827 हेक्टेयर भूमि दर्ज की है, जो सार्वजनिक एवं निस्तारी प्रयोजनों के लिए आरक्षित है, किंतु सामुदायिक वन अधिकारों की मान्यता की प्रक्रिया अभी तक रुकी हुई है।

ज्ञापन में आयुक्त आदिवासी विकास उमाकांत उमराव के 16 अप्रैल 2015 के पत्र का भी हवाला दिया गया, जिसमें वनखण्डों से संबंधित जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए गए थे। बैतूल जिले के 455 ग्रामों की 74,031.853 हेक्टेयर भूमि वनखण्ड में शामिल है, परंतु अनुविभागीय अधिकारी बैतूल, मुलताई और भैंसदेही ने इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की। उल्टा लगातार इन जमीनों को आरक्षित वन घोषित करने की उद्घोषणाएं जारी कर आदिवासी समाज को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।जयस ने यह भी बताया कि 26 मई 2022 के मंत्रालय पत्र के अनुसार व्यक्तिगत वन अधिकारों की प्रविष्टियां खसरा पंजी और पटवारी मानचित्र में दर्ज करने का अभियान ही नहीं चलाया गया। उल्टा राजस्व विभाग इन्हीं अधिकार धारकों को शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारी बताकर कार्यवाही कर रहा है। संगठन ने वनग्रामों की स्थिति पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। बैतूल जिले के 92 वनग्रामों में 1980-81 के पटवारी मानचित्र, खसरा पंजी, निस्तार पत्रक और पात्र अतिक्रमणकारियों की सूची वन विभाग के पास है, लेकिन जनवरी 2008 के बाद ग्राम पंचायतों और ग्राम सभाओं को इन अभिलेखों की प्रतियां देने से इंकार किया गया। 4 सितंबर 2024 को वन मुख्यालय द्वारा इन अभिलेखों की प्रतियां ग्राम पंचायतों को देने के आदेश के बावजूद जिले के वनमंडलों ने अब तक कोई पालन नहीं किया, जिससे 16 अप्रैल 2025 की एसओपी का भी उल्लंघन हो रहा है। जयस ने व्यक्तिगत वन अधिकारों की पुनर्विचार प्रक्रिया और नए दावे दाखिल करने के अभियान की अनुपलब्धता पर भी सवाल उठाए। पंचायत सचिवों द्वारा दावे ऑनलाइन नहीं किए जा रहे, कब्जे के प्रमाण के रूप में बुजुर्गों के बयानों को अस्वीकार किया जा रहा है। ज्ञापन में आदिवासी समाज के पूजा स्थलों, देवधामियों जैसे मठवा बाबा, पांडरी याया, खेड़ा माई, सझोर पेन, बगडियाल बाबा, भैसासुर बाबा, मूठवा बाबा, भीमाल पेन और मेड़ों दाई को भी वैधानिक मान्यता देने की मांग की गई है। कहा गया कि शासन के आदेशों के बावजूद अब तक इन धार्मिक स्थलों को दर्ज नहीं किया गया, जबकि ये हर आदिवासी ग्राम की आस्था के केंद्र हैं।

भोपाल, सोमवार 10 नवम्बर 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## वंदे मातरम पर अनावश्यक विवाद

जब देश भीतरी और बाहरी मोर्चों पर कई समस्याओं से गुजर रहा है और लोग इस उम्मीद में हैं कि लगभग हर रोज़ चुनावी मंचों से बड़ी-बड़ी बातें करने वाले प्रधानमंत्री मोदी इनका समाधान करेंगे, तब श्री मोदी इतिहास को उलट-पुलट कर नया विवाद खड़ा करने की कोशिश में हैं। आपातकाल, सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनने से रोकना, शास्त्री जी की हत्या, कश्मीर का हिस्सा पाकिस्तान को देना, देश का विभाजन करना, इन सब पर विवाद खड़ा करने और फिर प्रायोजित चर्चाओं से भाजपा का मन नहीं भरा तो अब राष्ट्रगीत वंदे मातरम पर सोची-समझी रणनीति के तहत बेजा विवाद खड़ा किया जा रहा है। आजादी के बाद से अब तक कभी वंदेमातरम पर किसी सरकार ने राजनैतिक फायदा उठाने के लिए अकारण विवाद को तूल दिया हो, याद नहीं पड़ता। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ऐसा ही कर रहे हैं। इसके दो कारण हो सकते हैं, एक तो पं.नेहरू को बदनाम करने के सारे पैंतरे बेअसर साबित हुए, तो अब उन पर देश विभाजन का इल्जाम लगाया जा रहा है। दूसरा कारण संघ ने आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया, बल्कि कई मौकों पर अंग्रेजों का साथ दिया तो अब उस गद्दारी को छिपाने की यह कोशिश है। और इसका तीसरा कारण भी है कि जब वास्तविक समस्याओं का समाधान करने की काबिलियत न हो, तो आभासी मुद्दे खड़े कर ध्यान भटकाया जाए। लिहाजा अब वंदे मातरम संघ और मोदी के निशाने पर है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को 'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूरे होने का आयोजन किया गया, जिसमें श्री मोदी ने कहा कि, 'दुर्भाग्य से, 1937 में मूल 'वंदे मातरम' गीत से महत्वपूर्ण पद हटा दिए गए थे। 'वंदे मातरम' को टुकड़ों में तोड़ दिया गया। इसने विभाजन के बीज भी बो दिए। वही विभाजनकारी विचारधारा आज भी राष्ट्र के लिए एक चुनौती बनी हुई है।' श्री मोदी ने कहा- '1937 में नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस ने गीत के महत्वपूर्ण पदों को जानबूझ कर हटा दिया था, जिससे गीत की 'आत्मा' को अलग कर दिया गया। लेकिन बड़ी चालाकी से नरेन्द्र मोदी ये बात छिपा गए कि इस फैसले में नेहरूजी के साथ नेताजी बोस, मौलाना आज़ाद, आचार्य नरेन्द्र देव इन सबकी भी सहमति थी। बल्कि रवीन्द्रनाथ टैगोर भी इस बात को मानते थे कि पूरी वंदे मातरम कविता अगर अपने संदर्भ के साथ पढ़ी जाए तो इसकी व्याख्या इस तरह से हो सकती है कि मुसलमानों की भावना को चोट पहुंचे। इतिहास में यह बात दर्ज है कि कांग्रेस ने इस गीत के पहले दो अंतरों को राष्ट्रीय गीत के रूप में 1937 के फ़ैजपुर अधिवेशन में मान्यता दी और 24 जनवरी 1950 को डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के अध्यक्ष के तौर पर जनगणमन को राष्ट्रगान घोषित करते हुए प्रथम दो पदों वाले वंदेमातरम को राष्ट्रगीत का सम्मान देने की घोषणा की थी। श्यामाप्रसाद मुखर्जी भी इसी संविधानसभा के सदस्य थे और डॉ. अंबेडकर भी। तो क्या नरेन्द्र मोदी पं. नेहरू के साथ-साथ डा. राजेन्द्र प्रसाद, डा. अंबेडकर, रवीन्द्रनाथ टैगोर सभी को गलत बता रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी इस तथ्य को क्यों नहीं बता रहे कि बंकिमचंद्र चटर्जी ने इस गीत को पहली बार जब लिखा था, तो उसमें शुरुआती दो अंतरे ही थे। लेकिन जब उन्होंने आनंदमठ उपन्यास लिखा तो उसकी जरूरत के अनुरूप इसमें इस गीत को डाला और आगे के अंतरे जोड़े। जिसमें देवी दुर्गा की स्तुति है। यह उपन्यास बंगाल में अकाल के बाद अंग्रेजों की क्रूर कर नीति के विरोध में संन्यासियों के विद्रोह की पृष्ठभूमि में लिखा गया है, जिसमें मुसलमानों को भी अत्याचारी बताया गया है।

याद रहे कि तत्कालीन बंगाल में अंग्रेजों से पहले नवाबों का शासन था, इसलिए इसमें मुसलमानों को खलनायक की तरह दिखाया गया है। बंकिमचंद्र महान लेखक थे, लेकिन वे ब्रिटिश भारतीय सिविल सेवा के अधिकारी भी थे। ब्रिटिश सरकार ने उन्हें राय बहादुर और कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ द इंडियन एम्पायर की उपाधियां दीं। लिहाजा उनका झुकाव अगर अंग्रेजों की तरफ और मुसलमानों के खिलाफ था, तो इसमें आश्चर्य नहीं। लेकिन वह तत्कालीन युग की बात थी। इसका ये अर्थ कतई नहीं है कि समूचा बांग्ला मुसलमानों के खिलाफ था। अगर ऐसा होता तो 1905 में बंग-भंग का विरोध नहीं होता। तब खुद बंग-भंग के खिलाफ़ रवींद्रनाथ टैगोर ने इस गीत को गाते हुए जुलूसों का खुद नेतृत्व किया। यह गीत पूरे बंगाल का गीत बन गया। और अब पूरे देश का गीत है।

अगर वंदेमातरम का विरोध कांग्रेस ने या पं.नेहरू ने किया होता तो इसे राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया ही क्यों जाता, यह बात सहज बुद्धि के लोग तो समझ जाएंगे, लेकिन जिनका मकसद केवल दुष्प्रचार करना हो, वे जानबूझ कर तथ्यों की तोड़-मरोड़ करेंगे। कायदे से नरेन्द्र मोदी को अपने पितृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सवाल करना चाहिए कि क्यों संघ की शाखाओं में, आयोजनों में आज तक वंदेमातरम का गान नहीं हुआ। कांग्रेस ने तो इसे स्वीकार किया, लेकिन संघ ने नमस्ते सदा वत्सले को अपनी प्रार्थना क्यों बनाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा भी है कि, 'यह विडंबना है कि संघ और भाजपा, जो आज राष्ट्रवाद के स्व-घोषित संरक्षक हैं, उन्होंने कभी भी अपनी शाखाओं या कार्यालयों में 'वंदे मातरम' नहीं गाया। इसके बजाय, वे 'नमस्ते सदा वत्सले' गाते रहे हैं, एक ऐसा गीत जो राष्ट्र का नहीं, बल्कि उनके संगठन का महिमामंडन करता है।

दरअसल बिहार चुनाव में भाजपा फंसी हुई है। ऊपर से राहुल गांधी ने वोट चोरी के जो नए सबूत सामने रखे हैं, उनका कोई जवाब श्री मोदी को नहीं सूझ रहा है। फिर अगले साल पश्चिम बंगाल में भी विधानसभा चुनाव हैं। पिछले चुनाव में तो मोदीजी ने रवीन्द्रनाथ ठाकुर जैसी लंबी सफेद दाढ़ी रखकर बंगाली जनता को बरगलाने की कोशिश की थी, लेकिन उसमें कामयाबी नहीं मिली। अब वंदेमातरम और बंकिम चंद्र चटर्जी के जरिए पहले ही माहौल बनाया जा रहा है। हालांकि इसमें भाजपा का और नुकसान हो सकता है, यह उन्हें समझना चाहिए।

# इतिहास में सिर्फ वोट कटुआ के नाम से ही जाने जाएंगे ओवैसी!

असदुद्दीन ओवैसी की कामयाबी बस इतिहास में इसी तरह दर्ज होगी कि वोट काटने के मामले में वे मायावती, केजरीवाल और प्रशांत किशोर से ऊपर थे। 11 नवंबर को बिहार में दूसरे दौर का मतदान होना है और यही फैसला करेगा कि बिहार में किसकी सरकार बनेगी। इसमें सीमांचल की वे 24 सीटें भी हैं जो मुस्लिम बहुल कहलाती हैं और जहां ओवैसी अपनी पूरी जी जान लगाए हुए हैं। मुस्लिम के वोट ज्यादा से ज्यादा काटकर बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए।

पिछली बार 2020 में उनकी पार्टी एआईएमआईएम ने यहां से 5 सीटें जीतकर महागठबंधन की सरकार बनने में सबसे बड़ा रोड़ा अटकाया था। 14 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम के वोट उन्हें मिले थे। जो जाहिर है सीधा महागठबंधन को नुकसान पहुंचाने वाले साबित हुए। वोट कटने के कारण 24 में आधी 12 सीटें एनडीए जीत गया था। जिनमें से 8 बीजेपी। महागठंबधन केवल 7 सीटों पर सिमट गया। और 5 ओवैसी ले गए।

चार जिलों किशनगंज, कटिहार, अररिया और पूर्णिया के इस इलाके को ही सीमांचल कहते हैं। यहां मुस्लिम आबादी करीब 45 प्रतिशत है। किशनगंज में सबसे ज्यादा 67 प्रतिशत। यहीं से कांग्रेस ने पत्रकार एमजे अकबर को चुनाव लड़वा कर लोकसभा पहुंचाया था। जो बाद में बीजेपी में चले गए। और अब वहां से भी बाकी मुस्लिम नेताओं मुख्तार अब्बास नकवी, शाहनवाज हुसैन, नजमा हेपतुल्ला की तरह साइड लाइन कर दिए गए हैं।

अब इनकी जगह बीजेपी ओवैसी को ले आई है। और अब चूंकि वह वाजपेयी के समय की तरह दुनिया दिखाने के लिए भी सब वर्गों की बात नहीं करती है तो इसलिए वह अंदर किसी मुस्लिम को लाकर वोट काटने की राजनीति के बदले बाहर से ओवैसी की तरह के लोगों से वोट कटवाती है।

इस बार ओवैसी 25 सीटों पर बिहार में चुनाव लड़ रहे हैं। जिनमें से 15 सीटें सीमांचल की हैं। मुस्लिमों के जज्बाती सवाल उठाकर वे इस बार फिर 2020 की तरह एनडीए की सरकार बनवाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस बार एक बड़ा फर्क है। पिछली बार नीतीश मुख्यमंत्री बन गए थे। जिन्होंने काफी हद तक बिहार को उत्तर प्रदेश बनने से रोका हुआ था। मगर इस बार बीजेपी खुद अपना मुख्यमंत्री बनाना चाह रही है। नीतीश को अभी तक बीजेपी ने उस तरह मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया है जिस तरह महागठबंधन ने तेजस्वी को कर दिया है।

बिहार में बीजेपी का मुख्यमंत्री बनने का मतलब है बुलडोजर की एंट्री। और इस बुलडोजर राजनीति को लाने में सबसे बड़ा योगदान ओवैसी निभा रहे हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी के कितने खास हैं यह इससे समझा जा सकता है कि अभी आपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया में अपना पक्ष रखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जिन सांसदों को विदेश भेजा था उनमें ओवैसी प्रमुख थे।

देश का पक्ष रखना अच्छी बात है मगर सबको मालूम था कि मोदी वहां देश की नहीं अपनी छवि बनाने के लिए यह प्रतिनिधि मंडल भेज रहे हैं। नहीं तो उस पूरी विदेश यात्रा के दौरान भाजपा के एक सांसद निशिकांत दुबे वहां से रोज कैसे विपक्ष के खिलाफ एक बयान जारी करते थे। ट्वीट के माध्यम से। न सरकार और न विदेश गए ओवैसी या कांग्रेस के नेता सलमान खुर्शीद, मनीष तिवारी, आनंद शर्मा इसका विरोध करते थे कि भाई हम यहां देश का पक्ष रखने आए हैं या नेहरू, इन्दिरा का विरोध करने।

और मजेदार बात यह कि अब वही बात प्रधानमंत्री मोदी ने भी कह दी। बिहार में चुनाव प्रचार करते हुए उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान पर यहां हमारे यहां विपक्ष मातम मना रहा था। मतलब ओवैसी जो विदेश में पाकिस्तान के खिलाफ बोल रहे थे वे यहां पर पाकिस्तान के साथ थे?

मोदी जी सबका उपयोग करने में माहिर हैं। अभी आडवानी के 98 साल पूरे होने पर उन्हें गुलदस्ता देने पहुंच गए थे। जहां फोटो में बेबस आडवानी नजर आ रहे हैं। गुजरात दंगों और उसके बाद के बाद आडवानी ही उनके सबसे बड़े समर्थक और रक्षक थे। मगर प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने सबसे पहले आडवानी को किनारे लगाया।

ओवैसी पर कोई ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का छापा नहीं। बाकी विपक्ष के छोटे- छोटे नेता भी इनके प्रकोप से नहीं बचे। इसके बदले ओवैसी मोदी की हर चुनाव वाले राज्य में मदद कर रहे हैं। यूपी में लड़े ही थे। मध्य प्रदेश भी पहुंच गए थे। वे एक सबसे खतरनाक नारा उठा रहे हैं। अपनी कयादत का। मुस्लिम नेतृत्व का। मतलब मुस्लिम का नेता मुस्लिम ही होना चाहिए।



शकील अख्तर

> भारत के मुस्लिम ने इसका हमेशा विरोध किया है। उसने अपना नेता जिन्ना को नहीं नेहरू को माना था। बीजेपी को अपने सांप्रदायिक नफरत का जहर फैलाने के लिए यह बात सबसे ज्यादा सूट करती है कि भारत का मुस्लिम अपने नेतृत्व के तौर पर सिर्फ मुस्लिम को ही स्वीकार करे। लेकिन भारतीय मुस्लिम ने यह कभी स्वीकार नहीं किया।

भारत के मुस्लिम ने इसका हमेशा विरोध किया है। उसने अपना नेता जिन्ना को नहीं नेहरू को माना था। बीजेपी को अपने सांप्रदायिक नफरत का जहर फैलाने के लिए यह बात सबसे ज्यादा सूट करती है कि भारत का मुस्लिम अपने नेतृत्व के तौर पर सिर्फ मुस्लिम को ही स्वीकार करे। लेकिन भारतीय मुस्लिम ने यह कभी स्वीकार नहीं किया।

आजादी के आन्दोलन में उसके नेता गांधी और नेहरू थे। आजादी के बाद नेहरू, इन्दिरा, मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद यादव, अर्जुन सिंह। बीच में उस समय तक जब तक हेमवतीनंदन बहुगुणा भाजपा से मिल नहीं गए थे वे मुस्लिमों के नेता रहे।

सिद्धांत के तौर पर ही यह गलत बात है कि किसी भी धर्म या जाति का नेतृत्व उसी के धर्म या जाति वाला करे। दलित आज मायावती के नेतृत्व में विश्वास करके यह दु:ख झेल रहे हैं। पिछले 11 साल में उन पर जबर्दस्त अत्याचार बढ़े, सरकारी नौकरी नहीं निकाल कर उनका आरक्षण खत्म किया गया। और अब तो विश्वविद्यालय और दूसरे अच्छी पोस्टों पर नाट फाउंड सुटेबल ( एनएफएस) कहकर उनका अपमान भी किया जा रहा है। आप योग्य ही नहीं हो। सोशल मीडिया तो पूरा आरक्षण और आरक्षण प्राप्त वर्ग को गाली देने से भरा हुआ है।

दलित यह समझने लगा है कि अपने नेतृत्व के नाम पर मायावती या पासवान जैसों को चुनकर उसने कुछ भी हासिल नहीं किया है। कांग्रेस के नेता चाहे किसी जाति धर्म के हों दलित के साथ मजबूती से खड़े होते थे। गांधी नेहरू परिवार तो हर कमजोर के साथ हमेशा मजबूती से खड़ा होता रहा है। आज उस पर भाजपा मुस्लिम समर्थक होने का आरोप लगाती है। पहले दलित समर्थक होने का लगाती थी। बहुगुणा की तरह बाबू जगजीवन राम भी बाद में बीजेपी (जनता पार्टी) के साथ चले गए मगर पहले भाजपा को कांग्रेस से सबसे बड़ी शिकायत यह थी कि उसने जगजीवन राम को बड़ा नेता बना दिया।

कयादत एक जज्बाती ख्वाब है जिससे मुस्लिम को कुछ हासिल नहीं होगा। हां भाजपा के ध्रुवीकरण में यह सबसे ज्यादा फायदा पहुंचाएगा। बिहार के बाद असम, बंगाल, केरल में विधानसभा चुनाव हैं। यह वे तीन राज्य हैं जहां मुस्लिम आबादी सबसे ज्यादा है। असम 34 प्रतिशत, बंगाल 27 प्रतिशत और केरल 26 प्रतिशत।

अगर बिहार में जहां मुस्लिम आबादी लगभग 18 फीसदी है वहां ओवैसी को जरा भी सफलता मिल गई तो वह इन तीनों राज्यों में अपनी कयादत का मुद्दा लेकर जाएंगे। और बीजेपी को मदद पहुंचाएंगे।

2020 के विधानसभा में महागठबंधन केवल 12 हजार वोटों से पीछे रह गया था। एनडीए और महागठबंधन दोनों को लगभग- लगभग 37 प्रतिशत वोट मिले थे। और सीटें भी केवल 12 एनडीए को ज्यादा मिली थीं। एनडीए 125 और महागठबंधन 110। और यह भी ध्यान रखें की 11 सीटों पर जीत-हार का अंतर हजार वोट से कम का था। और 52 सीटों पर पांच हजार से कम वोटों का।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# भारत-अमेरिका विवाद में क्वाड का भविष्य दांव पर

■ **नित्य चक्रवर्ती**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पसंदीदा समूह क्वाड की सुरक्षा वार्ता हेतु नई दिल्ली में इस साल के अन्त तक प्रस्तावित क्वाड शिखर सम्मेलन-2025 अब भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव, जिसमें व्यापार और राजनीतिक दोनों मुद्दे शामिल हैं, के कारण गहरे संकट में है। साथ ही, इस साल मई में चार दिनों के लिए भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति की भूमिका को लेकर ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच व्यक्तिगत संबंधों में भी गिरावट आई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फरवरी 2025 की व्हाइट हाउस यात्रा के दौरान तय किए गए मूल कार्यक्रम के अनुसार, यह निर्णय लिया गया था कि भारत 2025 की दूसरी छमाही में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा और ट्रंप भारत का दौरा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के सूत्रों ने स्पष्ट रूप से बताया कि कार्यक्रम तय करने का काम केवल भारतीय प्रधानमंत्री पर छोड़ दिया गया था। अब 7 नवंबर तक, प्रधानमंत्री कार्यालय या विदेश मंत्रालय की ओर से इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि क्वाड शिखर सम्मेलन हो रहा है और उसकी तैयारियां की जा रही हैं। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों में यह संकेत दिया गया था कि क्वाड बरकरार रहेगा, लेकिन उन्होंने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की कि भारत इसकी मेजबानी करेगा या नहीं।

> कुछ अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि अमेरिका भारत को छोड़कर क्वाड शिखर सम्मेलन आयोजित कर सकता है जिसमें फिलीपींस भी शामिल होगा। इसका उद्देश्य भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान को भ्रमित करना है। फ़िलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता क्योंकि फिलीपींस, भारत का विकल्प नहीं है, जो एक प्रमुख आर्थिक और समुद्री शक्ति है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 2017 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान प्रचारित क्वाड में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। अमेरिका इसे एशिया-प्रशांत देशों के एक समूह के रूप में देखता था जो प्रशांत क्षेत्र में दीर्घकालिक सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए चारों देशों के लिए एक सामूहिक तंत्र के रूप में कार्य करेगा। उस समय आधिकारिक दस्तावेज में चीन का नाम आधिकारिक तौर पर नहीं लिया गया था, लेकिन यह स्पष्ट था कि अमेरिका एशिया-प्रशांत में चीनी सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए क्वाड के माध्यम से भारत को एक प्रमुख भागीदार के रूप में देखना चाहता था।

यही वह दौर था जब नरेंद्र मोदी ट्रम्प के अच्छे मित्र थे और उनकी व्यक्तिगत समझ उच्च कोटि की थी। चीन का मुद्दा भारतीय प्रधानमंत्री के लिए लगातार चिंता का विषय रहा है और उन्होंने चीन के विरुद्ध ट्रंप की एशिया-प्रशांत समुद्री सुरक्षा रणनीति का हिस्सा बनने के लिए खुशी-खुशी सहमति जताई। जुलाई 2020 में भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में हुई झड़पों, जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए, के बाद क्वाड के प्रति यह लगाव और भी प्रबल हो गया। बाइडेन के कार्यकाल में क्वाड दृष्टिकोण 2024 तक और ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले दो महीनों के दौरान अप्रैल 2025 तक जारी रहा।

लेकिन भारत के लिए, इस वर्ष अप्रैल के बाद और अगस्त से स्थिति में भारी बदलाव आया, जब अमेरिका को भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत का कुल टैरिफ लागू हो गया, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। अमेरिका ने भारत को कच्चा तेल निर्यात करने वाली रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए और इससे एक संकट की स्थिति पैदा हो गई जब भारतीय कंपनियों को रूस से आपूर्ति कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए चल रही तमाम मौजूदा बातचीत के बावजूद, अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। ट्रंप और मोदी के बीच कभी-कभार होने वाली बातचीत और एक-दूसरे को नमस्कार कहने के बावजूद भारत-अमेरिका संबंधों में गतिरोध बना हुआ है।

अमेरिकी सूत्रों के अनुसार, ट्रंप इस साल 30 अगस्त को चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ नरेंद्र मोदी की मुलाक़ात के दौरान भारत द्वारा चीन के साथ दोस्ती के नए क़दमों से काफ़ी नाराज़ हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अधिकारी इस बात का आकलन करने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या यह भारत द्वारा चीन को खुश करने की कोई नीतिगत पहल थी, या नाराज़ मोदी की ओर से ट्रंप को कोई संकेत देने की एक अस्थायी चाल थी। व्हाइट हाउस में आम राय यह है कि नरेंद्र मोदी कभी भी चीन के दोस्त नहीं हो सकते। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति उन्हें राष्ट्रहित के रक्षक के रूप में अपनी छवि बनाए रखने के लिए कुछ रियायतें देते हैं, तो वे ट्रंप के पाले में लौट जाएंगे।

अब क्वाड का भविष्य और नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन की संभावना भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के सफल समापन पर निर्भर करती है। भारतीय वार्ता दल ने भारत सरकार को विकल्प दिए हैं और प्रधानमंत्री को फ़ैसला लेना है। भारत सरकार और कच्चे तेल व पेट्रोलियम उत्पादों के निजी आयातक रूस से आयात में भारी कमी करने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने इसकी अनुमति दे दी है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि डेयरी समेत कृषि उत्पादों की बाज़ार पहुंच के मामले में, जो गुजरात को बड़े पैमाने पर प्रभावित करता है, प्रधानमंत्री अमेरिकी कंपनियों को किसी भी बड़े बाज़ार तक पहुंच की अनुमति नहीं देने के अपने पुराने रुख पर अड़े हुए हैं। बातचीत गोपनीय रखी जा रही है। इसलिए दूसरों के लिए यह पता लगाना मुश्किल है कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताकारों की पिछली बैठक में भारतीय वार्ताकारों ने किस हद तक सहमति व्यक्त की थी।

इस तरह भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के समापन से जुड़ा है। अगर यह समझौता हो जाता है, तो राष्ट्रपति ट्रम्प नरेंद्र मोदी की मेजबानी में शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आने पर सहमत हो सकते हैं। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री मोदी भी व्यापार गतिरोध की स्थिति में ट्रम्प का स्वागत करने में रुचि नहीं लेंगे। इसलिए दोनों ही तरह से, अगर व्यापार समझौते पर सहमति नहीं बनती है, तो क्वाड भारत में आयोजित नहीं किया जा सकता है।

कुछ अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि अमेरिका भारत को छोड़कर क्वाड शिखर सम्मेलन आयोजित कर सकता है जिसमें फिलीपींस भी शामिल होगा। इसका उद्देश्य भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान को भ्रमित करना है। फ़िलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता क्योंकि फिलीपींस, भारत का विकल्प नहीं है, जो एक प्रमुख आर्थिक और समुद्री शक्ति है। फिलीपींस और आसियान के एक-दो अन्य देशों को शामिल करके क्वाड का विस्तार किया जा सकता है, लेकिन अमेरिका के लिए, एशिया-प्रशांत रणनीति को कारगर बनाने में भारत महत्वपूर्ण है। इसलिए, अमेरिका नरेंद्र मोदी को अपने रास्ते पर लाने के लिए अंत तक प्रयास करेगा। अब यह हमारे प्रधानमंत्री पर निर्भर है कि वे दिखाएं कि क्या भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता का प्रयोग कर सकता है और अपने बारे में निर्णय ले सकता है?



## ललित सुरजन की कलम से

### कसाब को फांसी के बाद

*'यह गौरतलब है कि कसाब को फांसी देने के बाद भारत में न्यायविदों तथा राजनैतिक टीकाकारों के बीच से कुछेक नए बिन्दु उभरकर आए हैं। एक न्यायवेत्ता ने तो लिखा है कि कसाब को कानून के तहत अपनी सजा पर सुप्रीम कोर्ट में अंतिम पुनर्विचार याचिका दायर करने का अवसर नहीं दिया गया और इस तरह संविधान और दंड संहिता का उल्लंघन किया गया। एक सेवानिवृत्त उच्च सैन्य अधिकारी जनरल वी.एस. पाटणकर ने एक नए दृष्टिकोण से इस पर अपनी राय दी है। श्री पाटणकर जम्मू-काश्मीर क्षेत्र में भारतीय सेना के प्रमुख थे और वहां की स्थितियों को निश्चित ही बेहतर जानते होंगे। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान में जो आतंकवाद पनपा है उसके पीछे कोई धार्मिक कारण नहीं है। पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर गरीबी है, बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार हैं, इसलिए उन्हें पैसों का लालच देकर खरीद लेना आसान होता है। परिवार के लोग भी सोचते हैं कि गुरबत की जिंदगी से मौत भली। जनरल के अनुसार कसाब के घरवालों को पैसा देकर उसे आतंकी अभियान में शामिल कर लिया गया था। कुछ इसी तरह की बात चर्चित लेखिका शोभा डे ने भी की है।'*

**( देशबन्धु में 29 नवम्बर 2012 को प्रकाशित )**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/11/blog-post_28.html**

## गुरवाणी विचार

### गोंड महला 4

हरिदर्शन कऊ मेरा मन बहु त्रपते जिओ त्रिखावंत विननीर
मेरे मन प्रेम लगो हरि तीर
हमरी वेदन हरि प्रभु जाने मेरे मन अंतर की पीर (रहाओ)।

यह शब्द गुरु ग्रंथ साहिब से 861 अंग से लिया गया है। इस शब्द द्वारा चौथे नानक गुरु रामदास समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से विनती करते हुए फरमा रहे हैं कि प्रभु परमात्मा के दर्शनों के लिए मेरा मन तड़प रहा है जिस तरह एक प्यासा इंसान पानी के बिना तड़पता है। अगर इंसान के सामने छप्पन प्रकार के पदार्थ भी खाने के लिए रखे गए हों और अगर वह प्यासा है तो उसे जब तक पानी न मिले ये पदार्थ उसके किसी भी काम के नहीं हैं।

पानी की प्यास सिर्फ पानी से ही बुझा सकता है। इसीलिए गुरुदेव फरमा रहे हैं कि बिना हरि दरशन के मेरी प्यास बुझ नहीं सकती इसीलिए अगर हमें हरि दर्शन करना हो तो मन को सिमरन रूपी मथनी से मथना पड़ेगा। तभी हमारे ह्रदय में विराजमान प्रभु परमात्मा के दर्शन हो पाएंगे। जिस तरह फूल में सुगंध मौजूद है, दर्पण में हमारा अक्श मौजूद है पर हमें दिखाई नहीं देता-
पुहप मध जिओं वास बसत है- मुकर माहि जैसे छाई।
वैसे ही हरि बसै निरंतर घटि ही खोजो भाई।।
इसीलिए गुरवाणी में हमें समझाया गया है-
घटि घटि में हरि जीओ बसै संतन कहयो पुकार।

हे भाई, परमात्मा के प्रति प्यार मेरे मन में हिलोरें ले रहा है। हमारे ह्रदय की पीड़ा को केवल प्रभु परमात्मा ही समझ सकता है। बाकी को आप कुछ भी बताते रहें वे सिर्फ हमारी दशा पर खिल्ली ही उड़ाते रहेंगे-
मेरे हरि प्रीतम की कोई बात सुनावे सो भाई से मेरी बीर।
मिल मिल सखी गुण कहो मेरे प्रभ के ले सतगुरु की मति धीर।
जन नानक की हरि आस पुजावे हरि दरसन शांति शरीर।

हम सब प्रभु परमात्मा की स्त्रियां ही हैं तो आपस में कुछ इस तरह बात कर रही हैं कि मेरी सखी की जो भी कोई बात सुनायेगा सो मेरा भाई है वीर है। यहां पर वह जीव स्त्री अपने परमात्मा को ही अपनी सभी बता रही है। इसलिए वो कह रही है जो भी मेरे प्रभु परमात्मा की बातें मुझे बताएगा वही मेरा सच्चा दोस्त है, वही मेरा भाई है। इसलिए सच्ची संगत करनी चाहिए जहां केवल प्रभु नाम का संकीर्तन चलता रहता हो, प्रभु कथा चल रही हो, जहां प्रभु सिमरन चल रहा ताकि हमारा मन भी प्रभु सिमरन में रम जाए। इसीलिए बताया गया है-
बिन भागां सत संगि न लभै बिन संगत मैल भरीजै जीओ।

हमारा छुटकारा भी तभी हो सकता है जब हम प्रभु सिमरन में अपना मन रमाकर प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर लेवें। हमें पूर्व जनमों के किसी पुण्यफल के कारण सुंदर मानव देही प्राप्त हुई है।
भई परापत मानुख देहुरिया गोबिंद मिलन की ऐहो तेरी बीरया।
अवर काज तेरे किते न काम मिल साध संगति भजि केवल नाम।

इस देही को पाने के लिए देवतागण भी तरसते हैं क्योंकि बिना मानव देही प्राप्ति के हरि सिमरन हो ही नहीं सकता-
देही को सिमरे देव इस देही भजि हरि की सेव। पता नहीं दुबारा हमें मानव देही कब मिलेगी इसलिए-
भजो गोविंद भूल मत जाहो।
मानुष जन्म का ऐही लाहो।।
इसलिए गुरवाणी में समझाया गया है-
ऐही तेरा अवसर ऐही तेरा बार।
घट भीतर तू सोच विचार।।

याद रहे कि अगर हमने मानव जन्म पाकर भी प्रभु सिमरन में मन नहीं लगाया तो हमें बाद में बहुत पछताना पड़ेगा पर-
बिगड़ी बात बने नहीं लाख करो किन कोय।
रहिमत बिगड़े दूध सिओ मथे न माखन होय।।

दूध अगर फट जाता है तो फिर उसमें मक्खन नहीं निकल सकता अगर मानव जीवन पाकर प्रभु सिमरन में मन नहीं लगाया तो हमें बिन यमराज की मार से बचाने वाला नहीं होगा क्योंकि यहां भी हमारे द्वारा किये जा रहे क्षण प्रतिक्षण लेखा जोखा चित्रगुप्त की कचहरी में लिखा जा रहा है।
चंगियाइआं बुरिआइआं वाचे धरम हदूर।
करनी आपो आपनी के नेड़े के दूर।।
हमारे द्वारा किए गए अच्छे-बुरे कर्मों का दंड यहीं मिलना है।
कर बंदे तू बंदगी जिचर घटि में साहो।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### अफगानिस्तान-पाकिस्तान संघर्ष के सियासी रंग

भारतीय उपमहाद्वीप का यह त्रिकोण भारत, अफगानिस्तान और पाकिस्तान एशिया की भू-राजनीति का सबसे संवेदनशील और जटिल क्षेत्र है। यह केवल सीमाओं का नहीं बल्कि सभ्यताओं, संस्कृतियों और विचारधाराओं का संगम है। तीनों देशों के रिश्ते प्राचीन इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक निरंतर बदलते रहे हैं। कभी यह सांस्कृतिक सेतु रहा, तो कभी वैचारिक युद्ध का मैदान। और आज, यह क्षेत्र वैश्विक शक्तियों, विशेषकर अमेरिका और ब्रिटेन के प्रभावों से भी गहराई से प्रभावित है।

अफगानिस्तान भारत की सांस्कृतिक परिधि का हिस्सा रहा है। गांधार, तक्षशिला, बामियान जैसे नाम इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि भारत की बौद्ध और वैदिक परंपराएं सिंधु से काबुल तक प्रवाहित होती थीं। सम्राट अशोक के शिलालेख आज भी कंधार में मिलते हैं, और कुषाण काल की कला भारतीय सांस्कृतिक प्रभाव की साक्षी है। परंतु समय के साथ जब तुर्क और मुगल आक्रमणों के लिए यही अफगानिस्तान मार्ग बना, तो यह सांस्कृतिक सेतु धीरे-धीरे संघर्ष की भूमि में बदल गया। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन ने इस भूगोल को अपनी सामरिक राजनीति का केंद्र बना लिया। उन्नीसवीं सदी के च्ग्रेट गेमज्ज में अफगानिस्तान रूस और ब्रिटेन के बीच बफर स्टेट घोषित हुआ, और 1893 में खींची गई दुर्रान रेखा ने पश्तून समुदाय को दो हिस्सों में बाँट दिया। यह सीमा आज भी अफगान-पाक संबंधों की सबसे बड़ी दरार है।

1947 में भारत के विभाजन ने इस त्रिकोण को निर्णायक रूप से बदल दिया। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को प्रारंभ में मान्यता नहीं दी क्योंकि उसे अपने पश्तून क्षेत्रों की चिंता थी। वहीं भारत ने अफगानिस्तान के साथ अपने ऐतिहासिक सांस्कृतिक संबंधों को बनाए रखा। पर ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा छोड़ी गई विभाजन की रेखाएँ दोनों के बीच अविश्वास के बीज बो गईं, जिनका असर आज तक है। इसके बाद शीतयुद्ध के काल में यह त्रिकोण वैश्विक शक्ति-संघर्ष का रणक्षेत्र बन गया। 1979 में सोवियत संघ के अफगानिस्तान प्रवेश के साथ अमेरिका ने पाकिस्तान को च्फ्रंटलाइन स्टेटज्ज बनाकर अफगान मुजाहिदीनों को हथियार और प्रशिक्षण दिया। पाकिस्तान की आई.एस.आई. को अमेरिकी डॉलर और सऊदी समर्थन मिला, जिससे आतंकवाद की वह संस्कृति पैदा हुई जिसने पूरे क्षेत्र को झुलसा दिया। भारत, जो सोवियत संघ का घनिष्ठ सहयोगी था, ने उस समय अफगानिस्तान की समाजवादी सरकार का समर्थन किया। इस प्रकार भारत-पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता को एक नया आयाम मिला, और अफगानिस्तान की धरती शीतयुद्ध की प्रयोगशाला बन गई।

1989 में सोवियत सेनाओं की वापसी और उसके बाद की अस्थिरता ने पाकिस्तान को अल्पकालिक सामरिक लाभ तो दिया, पर दीर्घकाल में वही आग उसकी सीमाओं के भीतर फैल गई। 1990 के दशक में अमेरिका के समर्थन से पनपा तालिबान शासन पाकिस्तान के प्रभाव में तो आया, पर उसने अफगान समाज को मध्ययुगीन अंधकार में धकेल दिया। फिर 2001 में 9/11 के हमलों ने अमेरिका को एक बार फिर अफगानिस्तान खींच लिया। अमेरिका ने तालिबान शासन को समाप्त कर लोकतांत्रिक सरकार स्थापित की, और इस बार भारत को पुनर्निर्माण में सहयोग का अवसर मिला। वह विकास के बजाय आतंकवाद को समाप्त करने पर केंद्रित रही, और उसकी दृष्टि अफगान समाज की आंतरिक संरचना को समझने में असफल रही। पाकिस्तान ने अमेरिका को सहयोगी बनाकर अरबों डॉलर प्राप्त किए, पर उसी दौरान उसने तालिबान को भी गुप्त समर्थन दिया। यह द्वंद्व 2021 में अमेरिकी वापसी के साथ उजागर हो गया, जब तालिबान पुनः सत्ता में लौट आया। अमेरिका की यह वापसी न केवल अफगानिस्तान के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अनिश्चितता की वापसी थी।

**-संजीव ठाकुर**

## सार-समाचार

### नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 12 को

**छतरपुर, देशबन्धु।** सरानी दरवाजा बाहर स्थित सिद्ध पीठ माता महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज एवं नवयुवक मंडल द्वारा 12 नवंबर को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा गंगा प्रसाद अग्रवाल एवं श्यामा देवी अग्रवाल (नागौद वाले) की स्मृति में उनके पुत्र शासकीय अधिवक्ता आनंद अग्रवाल, पुत्रवधू मनीषा अग्रवाल के सहयोग से बुधवार 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिविर में नेत्र परीक्षण किया जाएगा। साथ ही दवाई एवं चश्मा वितरित होंगे। जिन मरीजों में मोतियाबिंद मिलेगा, उन्हें उसी दिन दोपहर 1 बजे चित्रकूट ले जाकर ऑपरेशन की नि:शुल्क और सशुल्क सुविधा मिलेगी।

### विद्युत शिकायत निवारण शिविर 12 को

छतरपुर, देशबन्धु। मप्र विद्युत नियामक आयोग के निर्देश पर सटई रोड स्थित अधीक्षण अभियंता विद्युत कार्यालय में बुधवार 12 नवंबर और 26 नवंबर को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने उपभोक्ताओं से नियत दिनांक और समय पर शिविर में उपस्थित होकर अपनी शिकायतों को दर्ज कराके उनका निराकरण कराने का आग्रह किया है।

### नर्मदा केयर अस्पताल में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**छतरपुर, देशबन्धु।** नर्मदा केयर हॉस्पिटल में रविवार को गैस्ट्रो संबंधी बीमारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल की संचालक निधि रूसिया ने बताया शिविर में ग्वालियर के प्रसिद्ध गैस्ट्रो विशेषज्ञ डॉ. रमाकांत रावत ने मरीजों की जांच कर उनहें परामर्श दिया। इस शिविर में फाइब्रोस्कैन जैसी आधुनिक जांच सुविधा से लीवर और गैस्ट्रो से जुड़ी बीमारियों की जांच में आसानी से की गई। उन्होंने बताया अब तक जिले में ऐसे संसाधनों की कमी के कारण लोगों को इलाज के लिए ग्वालियर या झांसी जाना पड़ता था, लेकिन अस्पताल का प्रयास है कि हर माह विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम को छतरपुर बुलाकर नियमित शिविर लगाए जाएं। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य छतरपुर के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और विशेषज्ञ परामर्श स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है।

### पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस कर्मियों की सेहत को ध्यान में रखते हुए रविवार को पुलिस लाइन में मेडिस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागर की सहायता से हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। इसमें बेसिक जांचों के साथ एडवांस मेडिकल टेस्ट भी किए गए। शिविर में जिलेभर से आए पुलिसकर्मी, होमगार्ड, जेल विभाग और फॉरेस्ट विभाग के कर्मचारियों ने चेकअप कराया। एसपी अगम जैन ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। एसपी ने बताया यह कैम्प छतरपुर के सभी वर्दीधारी कर्मचारियों के लिए एक अच्छा अवसर है। इसमें करीब 500 से अधिक लोगों के लाभान्वित होने की उम्मीद है। कैशलेस स्कीम के तहत कई जांचें और इलाज कवर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी 24 घंटे की होती है, जिसमें ड्यूटी का कोई निश्चित समय नहीं होता। ऐसे में पुलिसकर्मी अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे पाते। इस प्रकार के शिविर न केवल स्वास्थ्य जांच का अवसर देते हैं, बल्कि बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

### संगम सेवालय अवॉर्ड से सम्मानित

**छतरपुर, देशबन्धु।** समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए संगम सेवालय को जयपुर में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय मदर टेरेसा समर्पण गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सेवालय की संचालक अंजू अवस्थी और विपिन अवस्थी ने ग्रहण किया। बता दें कि संगम सेवालय को निरंतर समाजसेवी कार्यों जैसे नि:शुल्क भोजन वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा गरीब एवं असहाय वर्ग की सेवा के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए हुए अनेक सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

वाहन चालकों को उठाना पड़ रहा नुकसान

# जर्जर सड़क पर टोल वसूली जारी, सफर हुआ मुश्किल



**सिलवानी, देशबन्धु।** सिलवानी-उदयपुरा राज्य मार्ग-44 की सड़क इन दिनों बदहाल हालत में है। जगह-जगह गड्ढों से पटी इस सड़क पर वाहन चालकों को घंटों सफर तय करना पड़ता है, लेकिन टोल वसूली जारी है। म.प्र. रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) की मेहरबानी से ठेकेदार कंपनी वीकेएस को टोल वसूली का अधिकार तो मिला हुआ है, पर सड़क की देखरेख पूरी तरह ठप है।

बड़े वाहनों से प्रतिदिन 300 से 400 रुपये तक टोल वसूला जा रहा है। बावजूद इसके सड़क पर कहीं भी मरम्मत का काम नजर नहीं आता। ड्राइवरों का कहना है कि खराब सड़क के कारण ट्रक और बसों को नुकसान हो रहा है और सफर 28 किलोमीटर का तय करने में कई घंटे लग जाते हैं।

### 12 साल पहले हुआ था निर्माण

जानकारी के अनुसार लगभग 12 साल पहले सिलवानी-उदयपुरा मार्ग को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाकर स्टेट हाइवे घोषित किया गया था। उस समय कहा गया था कि टोल वसूली से सड़क का नियमित रखरखाव होगा, लेकिन अब हालात इसके उलट हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजनीतिक संरक्षण के कारण ठेका कंपनी वीकेएस सड़क की मरम्मत नहीं कर रही है। पेंचवर्क तक नहीं किया जा रहा, जिससे सड़क दिन-ब-दिन खतरनाक होती जा रही है।

### ड्राइवर बोले-गड्ढों से निकलना किसी जंग से कम नहीं

ट्रक ड्राइवर रविन्द्र, विष्णु अहिरवार, नंद लाल और राज का कहना है कि इस सड़क पर वाहन चलाना बेहद मुश्किल हो गया है। बारिश के दिनों में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं। गाड़ियों का मेंटेनेंस खर्च बढ़ गया है, पर कोई सुनवाई नहीं होती। इस संबंध में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा का कहना है कि संबंधित विभाग को स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

# श्रद्धांजलि सभा में मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



**रायसेन, देशबन्धु।** पूर्व केबिनेट मंत्री और सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी की स्व. माताजी सुमंत्रा देवी की श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। गत 30 अक्टूबर को विधायक डॉ. चौधरी की माताजी सुमंत्रा देवी का निधन हो गया था। उसी दिन से उनके गृह ग्राम बरखेड़ बेगमगंज में शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का लगातार आना जाना लगा रहा। जिसमें उप मुख्यमंत्री कई पूर्व व वर्तमान विधायक, मंत्री शामिल रहे। शनिवार को विधायक निवास श्रीराम परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गईद्ध इसमें पूरे विधानसभा क्षेत्र के साथ ही आसपास के जिलों से लोग पहुंचे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार भी उपस्थित रहे।

# अवैध उत्खनन पर वन विभाग की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त



**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में वन विभाग ने अवैध मिट्टी उत्खनन के खिलाफ रविवार को करवाई की है। बीट घाट पिपलिया के कक्ष क्रमांक 389 में भसुआ मिट्टी का अवैध उत्खनन और परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर और ट्रॉली जब्त की गई। इस मामले में आरोपी रामनिवास शर्मा के खिलाफ वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में वाहन क्रमांक एमपी 9 एसी 5577 को जप्त किया गया। यह कार्रवाई वन उपज भसुआ मिट्टी के अवैध उत्खनन और उसके परिवहन को रोकने के उद्देश्य से की गई। कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व रायसेन प्रवेश पाटीदार के निर्देशन में एक दल ने इस अभियान को अंजाम दिया। दल में दल प्रभारी बीटगार्ड साथ भूपेंद्र कुशवाहा, रूप सिंह यादव, संजय मौर्य और प्रीतम जाटव शामिल थे। आरोपी रामनिवास शर्मा के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 और मध्य प्रदेश वन उपज अभिगमन नियम 2022 के के तहत वन अपराध कायम किया गया है।

# 3 दिन से रात का तापमान 10 डिग्री पर, सुबह जलने लगे अलाव

▶ दिन और रात के तापमान में 4-6 डिगी की गिरावट



**रायसेन, देशबन्धु।** नगर में पिछले तीन दिनों से रात का तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। ठंड बढ़ने से सुबह के समय लोग अलाव के पास गर्मी लेते दिख रहे हैं। बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से ठिठुरन महसूस कर रहे हैं। घर से बाहर निकलते समय सभी ने जैकेट और स्वेटर पहनना अनिवार्य कर लिया है। पिछले कुछ दिनों में दिन और रात के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा रही है। जहां रात का न्यूनतम तापमान लगातार तीसरे दिन 10 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं दिन का अधिकतम तापमान 25 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी के चलते बर्फीली हवाएं मध्य प्रदेश की ओर आ रही हैं। इसी कारण नवंबर की शुरुआत में ही ठंड तेज हो गई है। कोहरे के कारण दृश्यता कम रहती है। अब दिन में भी ठंड का असर बढ़ रहा है।

### अचानक तापमान गिरने के साथ ही ठंड ने दिखवाया असर

**सांची, देशबन्धु।** क्षेत्र में अचानक तापमान गिरने के साथ ही ठंड ने जोर पकड़ लिया है। बीते दो दिनों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम एकदम सर्द हो गया है और लोगों को ठंड का तीखा अहसास होने लगा है। हालांकि यह ठंड के मौसम की अभी शुरुआत भर है, फिर भी कंपकंपी छूटने लगी है। शाम ढलते ही गलियों और बाजारों में सन्नाटा पसरने लगता है, लोग जल्दी घर लौटने को मजबूर हो रहे हैं। ठंड बढ़ने के साथ ही सांची के बाजारों में ऊनी वस्त्रों और गर्म कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार ठंड जल्दी शुरू हो गई है, जिससे बिक्री में भी तेजी आने की संभावना बढ़ गई है। वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान और नीचे जा सकता है जिससे सुबह-शाम की सर्दी और तेज़ होगी।



# 3 जगह की कार्रवाई कर जप्त की अवैध सागौन



**आष्टा, देशबन्धु।** वन माफिया द्वारा सागौन के हरे भरे पेड़ काटकर उनकी सप्लाई नगर सहित आसपास के क्षेत्र में करते हैं। अधिकांश सागौन की अवैध लकड़ी कन्नौद एवं इछावर के जंगलों से आती हैं, जिन्हें पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम 24 घंटे गश्त कर रहीं हैं वहीं तीन टीम रेंजर नवनीत झा द्वारा गठित दल भी विभिन्न मार्गों पर वन माफियाओं को पकड़ने में लगी हुई साथ में मुखबिर तंत्र भी गोपनीय तरीके से कार्य कर रहा है।

डीएफओ अर्चना पटेल के निर्देश पर एसडीओ एल्विन बर्मन के मार्गदर्शन में रेंजर नवनीत झा के नेतृत्व में बनाई गई टीम लगातार गश्त कर कार्रवाई कर रही है। टीम दिये गये निर्देशों पालन करते हुए जंगलों की सुरक्षा में लगे हुई है। वन विभाग की टीम द्वारा विभिन्न फर्नीचर मार्ट का समय समय पर औचक निरीक्षण किया जाता है। चोरी छिपे पुराने खंडहर मकानों में ग्राम भटोनी में अवैध कार्य सागौन का हो रहा था। मुखबिर से सूचना मिलते ही रेंजर नवनीत झा अपनी टीम के साथ पहुचे और आरोपी सोबालसिंह पिता सवाई सिंह विश्वकर्मा के यहां से 25 नग सागौन चरपट 0.061 घनमीटर साथ में एक बड़ी कटर मशीन, 9 छोटी मशीन जप्त की, जिसकी कीमत 36 हजार 828 रूपये आंकी गई। वहीं कृपालसिंह निवासी भटोनी के यहां भी 7 नग सागौन, 4 कटर मशीन, 0.005 घनमीटर लकड़ी जप्त की जिसकी कीमत 8 हजार 378 रूपये आंकि गई। साथ में अखिलेश पिता आत्माराम विश्वकर्मा निवासी भटौनी के यहां से 7 सागौन की चरपट लकड़ी 0.127 घनमीटर, चार कटर मशीन जप्त की गई, लकड़ी एंव मशीन की कीमत 8 हजार 186 रूपये आंकि गई। रेंजर नवनीत झा ने बताया कि तीनों आरोपी द्वारा खंडहर मकानों में अवैध रूप से सागौन की लकड़ी का कारोबार चौरी छिपे कर रहे थे, तीनों आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। इस कार्रवाई में रेंजर नवनीत झा, डिप्टी रेंजर छगनलाल भिलाला, रमेश चन्द्र घेरवाल, वनपाल कुमेरसिंह चौहान, रंजना भालसे, वनरक्षक हूकूमसिंह परमार, राहूल परमार, जितेन्द्र ठाकुर, देवेन्द्र नायक, सावत्रि मारकाम, विजय वर्मा, प्रदीप मलोठिया, सीताराम परमार, फैजल बर्नी, चंचल चंदेल, बहादुर सिंह ठाकुर, कपिल यादव, स्थानीय कर्मी कैलाश वर्मा, राधेश्याम मल्होतरा, ओमप्रकाश मेवाड़ा आदि वनकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुलिस ने अपहृत 2 बालिकाओं को तलाश कर परिजनों को सौंपा

**विदिशा, देशबन्धु।** जिले में गुमशुदा/अपहृता बालक-बालिकाओं की तलाश एवं दस्तयाबी के लिए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में अपहृता बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया।

**प्रकरण 1**

थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 03.11.2025 को समय 19.26 बजे एक 16 वर्षीय नाबालिक बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर थाना सिविल लाइन द्वारा अपराध क्रमांक 861/25, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने सतत खोजबीन करते हुए 08.11.2025 को रेलवे स्टेशन विदिशा से बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया।

**प्रकरण 2**

इसी प्रकार दिनांक 21.10.2025 को थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत 15 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर अपराध क्रमांक 828/25, धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने अथक प्रयास करते हुए 08.11.2025 को रेलवे स्टेशन भोपाल से बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा।

इस कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी आर.के. मिश्र, प्रधान आरक्षक सुनीता राजपूत, आरक्षक दिनेश रघुवंशी, मोहित गोस्वामी, वीरेंद्र धाकड़ एवं चालक गोलू सेन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अधिवक्ता संघ के चुनाव की तैयारियां शुरू, 5 सदस्यीय समिति गठित

**छतरपुर, देशबन्धु।** वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, नई कार्यकारिणी के निर्वाचन के लिए अधिवक्ता संघ के चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए 5 सदस्यीय समिति बनाई गई है, जो 45 दिनों में चुनाव कराएगी।

अधिवक्ता रवि पाण्डेय ने बताया अधिवक्ता संघ दो वर्ष का कार्यकाल अगस्त 2025 में समाप्त हो चुका है। अधिवक्ताओं की मांग पर स्टेट बार काउंसिल ने छतरपुर जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव कराने के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित की है। इस समिति में नीरज चंसौरिया को अध्यक्ष बनाया है, जबकि रवि पाण्डेय, श्रीराम शुक्ला, सीताराम विश्वकर्मा और मनोज कुमार गुप्ता को सदस्य नियुक्त किया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि संघ का आय-व्यय का लेखा-जोखा तैयार करके शीघ्र ही चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ करें। बताया गया है कि अधिवक्ताओं द्वारा सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है, अब मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। जिन अधिवक्ताओं ने निर्धारित समय सीमा में शुल्क जमा किया है, वही मतदान के पात्र होंगे। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि या आपत्तियों का निराकरण भी समिति द्वारा किया जाएगा।

स्टेट बार काउंसिल के निर्देशों के अनुसार जिन अधिवक्ताओं ने ऑल इंडिया बार एग्जाम उत्तीर्ण नहीं किया है या जिनका डिक्लेरेशन फार्म काउंसिल में जमा नहीं हुआ है, उन्हें मताधिकार से वंचित रखा जाएगा। वहीं जो अधिवक्ता नियमित रूप से संघ की सदस्यता शुल्क जमा करते आ रहे हैं और एमपी ऑनलाइन के माध्यम से वेरीफिकेशन करा चुके हैं, उन्हें मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। राज्य अधिवक्ता परिषद की अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है।

# जर्मनी लैंक्सेस उद्योग के ठेका श्रमिकों पर वीआरएस की तलवार

- ▶ ओद्योगिक नगर नागदा में सिमट रही मेहनतकशों की संख्या
- ▶ लैक्सेंस में वीआरएस में अधिकतम 3.50 लाख की योजना

● कैलाश सनोलिया

**नागदा, देशबन्धु।** उज्जैन जिले के औद्योगिक शहर नागदा में एक और जहां संचालित इंडस्ट्रीज में रोजगार का तो कोई इजाफा नही हो रहा लेकिन रोजगार छिनने का क्रम जारी है। किसी जमाने में यह शहर समूचे प्रदेश में सभी उद्योगों को मिलाकर लगभग 25 हजार श्रमिकों को रोजगार देने के नाम से जाना जाता था, लेकिन एक उद्योग भारत कॉमर्स पहले बंद हुआ बाद में देश में मशहूर ग्रेसिम उद्योग में मजदूरों को पहले वीआरएस दिया गया बाद में कोरोना काल में तकरीन 3 हजार ठेका मजदूरों की रोजी रोटी छिनी गई। अब यहां सभी उद्योगो मे मिलाकर यह संख्या लगभग महज 5 हजार तक सिमट गई। इतना सब कुछ चलते हाल में अब यहा जर्मनी कंपनी द्वारा संचालित लैंक्सेस उद्योग में ठेका मजदूरों पर वीआरएस की तलवार लटक गई है। इस उद्योग में ठेका मजदूरों को वीआरएस देना शुरू कर दिया गया है। हालांकि मजदूरों के अधिकारों के लिए कार्यरत मजदूर संगठन इसे स्वेच्छिक सेवा निवृति बता रहा हैं।जबकि मजदूर वर्ग से प्राप्त जानकारी में और कुछ बाते सामने आ रही है। ठेका मजदूरों की छटनी करने की योजना बताई जा रही है। यह भी सूना जा रहा हैकि बाद में स्टॉफ में भी वीआरए लागू होगा।

### श्रम संगठन का कहना

इस मामले में मप्र शासन असंठित कामगार कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुल्तानसिंह शेखावत से संपर्क किया गया तो उन्होंने लैक्सेंस यूनिट में कार्यरत भारतीय मजदूरू संध ठेका श्रमिक के नेता राजकुमार सिसौदिया से संपर्क करने का सुझाव दिया। इधर, श्रमिक नेता श्री सिसौदिया का कहना थाकि यह एकस्वेच्छिक योजना है। मैंटीनेस विभाग और इलेक्ट्रिक विभ्झाग में वर्तमान में 130 ठेका मजदूर कार्यरत है। उन में से तकरीन 25 ठेका श्रमिकों को कम किया जा रहा है। किसी भी मजदूर से जबरजस्ती नहीं होगी जो स्वेंच्छा से लेना चाहे उन्हें ही वीआरएस दिया जाएगा। इन दोनो विभाग से जो भी ठेका मजदूर मर्जी से नौकरी छोडेगा उन्हें सर्विस काल की अवधि पर वीआरएस राशि का निर्धारण होगा। अधिकमतम 3 लाख 50 हजार राशि श्रमिक का प्राप्त हो सकेगी। सेवाकाल में मिलनी वाली ग्रेज्यूटी अलग से मिलेगी। इधर, औधोगिक सूत्र बता रहे हैकि कंपनी हाईकमान से अधिकमतम चार लाख की राशि देना मंजूर किया थाकि लेकिन श्रम संगठनों ने इसे कम करवा दिया।




### उद्योग में उत्पादन और इतिहास

मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान मे जो लैक्संस उद्योग चल रहा है, इसकी बिडलाग्राम नागदा में पूर्व में मेसर्स ग्वालियर केमिकल्स प्रा लिमिटेड के नाम 1978 में शुरूआत हुई थी। इस यूनिट से 1 सितंबर 2009 को 5,91 305 एमटीपीए उत्पादन क्षमता के लिए रसायनों के निर्माण के लिए एलआईपीएल द्वारा इस प्लांट का अधिग्रहण किया गया। बाद में इस उद्योग में और अधिक रसायनों के उत्पादन क्षमता की अनुमति 2018 में भारत सरकार पर्यावरण विभाग से ली गई। वर्तमारन में लैंक्सेस उद्योग में मुख्य रूप से कार्बनिक रसायन बेजाइल क्लोराइड, बैजाइल अल्कोहल, बैजलडीहाईड आदि का उत्पादन होता है।

### उद्योग प्रबंधक का पक्ष

इस बारे में उद्योग में स्थानीय स्तर पर मीडिया को वर्सन देने की कोई व्यवस्था इस यूनिट में नही है। इसलिए उद्योग प्रबंधक का पक्ष नही मिला है। मुंबई हेड कार्यालय में कार्यरत पवन कुमार के मोबाईल पर जब संपर्क कर बार किया गया लेकिन उनका रिप्लाय नहीं मिला।

## सार समाचार

### गुजराती ने राहुल गांधी को चिंतामन गणेश का चित्र भेंट किया



**सीहोर, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सपरिवार पचमढ़ी पहुंचकर राहुल गांधी से मुलाकात की। इस अवसर पर राजीव गुजराती ने चिंतामन गणेश का चित्र भेंट कर उनका सम्मान किया। साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और सीहोर आगमन का निमंत्रण दिया। श्री गुजराती ने बताया कि पचमढ़ी में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संगठन सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिस तरह प्रदेश के हम सभी जिलाध्यक्षों को राहुल गांधी के द्वारा सम्बोधित करते हुए जो मार्गदर्शन दिया कि राजनीति में शारीरिक मानसिक मजबूती जरूरी है। आप संगठन के लिए काम करिए और 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना ही हम सबका मिशन है।

### श्रीरामलीला के पात्रों का हुआ चयन

**विदिशा, देशबन्धु।** रविवार को किलेअंदर स्थित स्व. पंडित विश्वनाथ शास्त्री के निवास पर लीला दर्शन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 14 जनवरी से प्रारंभ होने वाली चलित रामलीला में राम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न और माता सीता के पात्रों का चयन किया गया। लीला दर्शन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि 14 जनवरी से चलित रामलीला का आयोजन रामलीला परिसर में किया जाएगा। उक्त रामलीला 124 वर्ष पूर्ण कर 125वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि इस दौरान पांच प्रमुख पात्रों कृष्ण शर्मा भगवान श्रीराम, ध्रुव भार्गव, माता सीता, युगल शर्मा लक्ष्मण, मंथन पाठक भरत और मानस मिश्रा शत्रुघ्न का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि आकर्षण का केंद्र रहेगी समिति पदाधिकारी माधवगंज से रामलीला तक व्यापारियों से मिलते हुए राम बारात वाले दिन सड़क को रोशन करने का आग्रह किया जाएगा। एक दिन शुरुआती दौर की रामलीला दिखाने का भी प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति से शुरू होने वाली रामलीला की तैयारी शुरू कर दी गई है। 125वें वर्ष के अवसर पर रामलीला समिति द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है, जिससे कि चलित रामलीला को भव्य रूप दिया जा सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पंडित विश्वनाथ शास्त्री जी की जयंती को लेकर विचार विमर्श किया गया है। इस दौरान उनकी जयंती के अवसर पर व्यायाम शाला में कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 50 वर्ष पहले जिन लोगों द्वारा भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न सहित माता सीता के पात्रों का मंचन किया गया था उन्हें स मानित किया जाएगा कथा का आयोजन 6 दिवसीय रहेगा.

### पुष्प सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्काउट गाइड ने स्थापना दिवस मनाया



**आष्टा, देशबन्धु।** भारत स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने के साथ ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पुष्प सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्काउट गाइड द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्र गीत का गायन किया गया। प्रार्थना सभा में स्काउट मास्टर आर .सेन गाइड प्रभारी पूजा सेन द्वारा स्काउट गाइड की स्थापना के बारे में बताया गया। तत्पश्चात नगर पालिका अध्यक्षप्रतिनिधी रायसिंह मेवाड़ा, थानाप्रभारी गिरीश दुबे, प्रचार्य मेल्विन सीजे, उप प्रचार्य सिस्टर सुमोल लुकास एवं समस्त शिक्षक, कर्मचारियों को को स्काउट एव गाइड ध्वज स्टिकर लगाकर स्थापना दिवस मनाया।

मैराथन के साथ न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ

# शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल अत्यंत आवश्यक: न्यायाधीश





**सिरोंज, देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ रविवार किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ खंड व्यवहार न्यायाधीश मोना शुक्ला पांडे ने मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मैराथन में न्यायालयीन अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता संघ के सदस्य, नगर की विभिन्न शालाओं के विद्यार्थी व शिक्षक तथा शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सांदीपनी विद्यालय का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में कनिष्ठ खंड व्यवहार न्यायाधीश अंकिता जैन भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश मोना शुक्ला पांडे ने कहा कि शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से न केवल स्वास्थ्य अच्छा रहता है, बल्कि विद्यार्थी को देश-प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी प्राप्त करते हैं। आयोजन में नायब नाजिर अमित चौबे सहित न्यायालयीन कर्मचारी, विद्यालय से प्रभारी प्राचार्य रशीद खान, शिक्षक संजीव माथुर, शान मियां सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे। कार्यक्रम की सफलता में पैरालीगल वॉलिंटियर्स रामबाबू कुशवाह एवं छगन सिंह राजपूत का विशेष सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि 9 से 14 नवंबर तक पूरे प्रदेश में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में विधिक जागरूकता, न्याय के प्रति संवेदनशीलता और नागरिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में मैराथन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर विशाल कुशवाह, द्वितीय स्थान पर अरशद खान और तृतीय स्थान पर पीयूष धाकड़ रहे।

### न्याय तक सबकी पहुंच के संदेश के साथ निकली जागरूकता मैराथन दौड़

**विदिशा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में रविवार को मैराथन दौड़ के माध्यम से न्यायोत्सव के संदेशों का संप्रेषण किया गया है। न्यायोत्सव के तहत रविवार को जागरूकता मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने समस्त न्यायाधीशों की उपस्थिति में न्याय तक सबकी पहुंच के संदेश के साथ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ का शुभारंभ जिला न्यायालय विदिशा के परिसर से शुरू होकर पीतल मिल इंडस्ट्रियल एरिया तक हुआ तथा पुन: न्यायालय परिसर में इसका समापन हुआ। इस आयोजन में न्यायाधीशगण, पुलिस प्रशासन, अधिवक्ता, पत्रकार, पैरालीगल वालेंटियर्स, न्यायालयीन कर्मचारी तथा आमजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। आयोजन के दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को उनके अधिकारों और विधिक सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश जी.सी. शर्मा, अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेंद्र सिंह तोमर, अभिभाषक संघ विदिशा के अध्यक्ष संतोष शर्मा, सचिव राजेंद्र दांगी सहित न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी सं या में उपस्थित रहे।

## सिरोंज की बेटी सलोनी का एमपीपीएससी में चयन, नगर में खुशी की लहर



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर की प्रतिभाशाली बेटी सलोनी जैन पुत्री संजय जैन ने अपने परिश्रम और लगन के बल पर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता प्राप्त कर कोऑपरेटिव इंस्पेक्टर के पद पर चयनित होकर सिरोंज नगर और जैन समाज का गौरव बढ़ाया है।

सलोनी जैन की इस उपलब्धि पर नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके इस सफलता प्राप्त करने पर विधायक उमाकांत शर्मा, नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, पारिवारिक सदस्यों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। बधाई संदेशों में कहा गया कि सलोनी ने यह सिद्ध किया है कि यदि मन में दृढ़ निश्चय और लगन हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उनकी मेहनत और समर्पण ने सिरोंज नगर ही नहीं, पूरे जिले को गर्व का अवसर प्रदान किया है। पूरे सिरोंज जैन समाज ने सलोनी की इस सफलता को प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज की बैठक संपन्न



**आष्टा, देशबन्धु।** सैंधव राजपूत समाज छात्रावास में सैंधव समाज की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सैंधव समाज के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति एवं छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें छात्रावास विकास हेतु अनेक योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया एवं आये सुझावों के अनुसार कार्य योजना बनाई गई। डॉ रतनसिंह ठाकुर, भोलूसिंह ठाकुर, जितेन्द्रसिंह ठाकुर सहित अन्य समाज बंधुओं ने अपने अनुभवों के आधार पर छात्रावास निर्माण हेतु अपने अपने विचार व्यक्त किए। प्राप्त सभी सुझावों के आधार पर सभी ने एक राय होकर छात्रावास के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य योजना बनाने एवं निर्माण कार्य शुरू करने करने पर सहमति जताई। सभी ने सैंधव समाज में समाजिक विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में यथाशक्ति कार्य कर युवाओ को प्रेरित कर आगे लाने हेतु ठोस प्रयास करने का आव्हान किया गया। बैठक में श्री सेंधव राजपूत धर्मशाला की नवीन कार्यसमिति का गठन किया गया। जिसमें जीवन सिंह ठाकुर को अध्यक्ष बनाया गया एवं समाज के राजेन्द्रसिंह अरनिया राम, गजराजसिंह, चंदरसिंह ठाकुर गवाखेड़ा को समिति में अन्य पदों पर नियुक्त किया गया। बैठक का संचालन कमलसिंह अध्यापक द्वारा किया गया ।

## अतिथि शिक्षक संगठन समिति की हुई बैठक, 16 को होगा सम्मेलन




**सिरोंज, देशबन्धु।** अतिथि शिक्षक संगठन समिति की बैठक रविवार को स्थानीय जटा शंकर मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 16 नवम्बर को महामाई माता डांगवाली मंदिर पर प्रस्तावित अतिथि शिक्षक सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्मेलन दोपहर 12 बजे से आरंभ होकर शाम 4 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर सिरोंज-लटेरी ब्लॉक सहित पूरे जिले से बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षकों के शामिल होने की संभावना जताई गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप म सिरोंज-लटेरी विधायक उमाकांत शर्मा शामिल होंगे।

बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान, लटेरी ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह धाकड़ सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

उपस्थित प्रमुख सदस्यों में छगन राजपूत, रामबाबू कुशवाहा, प्रियंका मुठेले, सीमा लोधी, सीता मालवीय, रूचि यादव, रचना सेन, अभिषेक शर्मा, विपिन विश्वकर्मा, रामू विश्वकर्मा, विनोद शर्मा, गंगाराम अहिरवार, बबलू खान, राकेश शर्मा, मनोज शर्मा, सुनील प्रजापति, मयंक शर्मा, राजपाल अहिरवार, आदित्य गौतम, राधेश्याम साहू, कल्याण सिंह दांगी, राजीव वंशकार, सौरभ मालवीय, लखन सेन, नवीन जाटव, जितेंद्र धाकड़, अभिषेक दुबे, राजकुमार शर्मा आदि शामिल रहे। बैठक में सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य विभाजन कर जिम्मेदारियां तय कीं।

## जूडो खिलाड़ी कपिल ने कजाकिस्तान में हासिल किए 2 मैडल




**सीहोर, देशबन्धु।** जूडो के इंटरनेशनल खिलाड़ी कपिल परमार ने शहर का नाम देश में रोशन किया है, पहले उन्होंने 2024 पैरालिंपिक में कांस्य पदक जीता और जूडो में भारत का पहला पदक जीतकर इतिहास रच दिया था, एक बार फिर से पैरा एशियन जूडो चैम्पियनशिप में कजाकिस्तान में जूडो के शानदार खिलाड़ी ने सिल्वर के साथ ब्राउंस मेडल हासिल किया है।

उनकी इस उपलब्धि पर खेल संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है। नगर में लौटने पर संस्कार मंच के तत्वाधान में उनका स्वागत किया। इस संबंध में चर्चा करते हुए कपिल परमार ने बताया कि तीन दिवसीय पैरा एशियन जूडो चैम्पियनशिप में कजाकिस्तान में वह फाइनल में दूसरे नंबर पर रहे। उन्होंने जापान में 2026 में एशियन गेम्स के लिए अपना स्थान हासिल किया।

70 किलोग्राम इस प्रतियोगिता में उन्होंने जापान, इराक और कोरिया आदि के खिलाड़ियों को शिकस्त देते हुए मेडल हासिल किया।

## कायस्थ महासभा की बैठक संपन्न

**विदिशा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा विदिशा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। माह दिसंबर में आयोजित होने वाली प्रदेश कार्यसमिति जिसके उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग उपस्थित रहेंगे के संबंध में पदाधिकारियों को जि मेदारी दी गई। बैठक में लगभग 30 जिलों के 75 पदाधिकारी उपस्थित होकर समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक में इंजी सुधीर श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, कैलाश सक्सेना, विमलेश सक्सेना, अमित श्रीवास्तव, रविशरण मुडेया, प्रकाश नारायण श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## परिचय सम्मेलन एवं अलंकरण समारोह 21 दिसंबर को



**सिरोंज, देशबन्धु।** राष्ट्रीय संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य सम्मेलन द्वारा एक दिवसीय अखिल भारतीय अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं अलंकरण समारोह का आयोजन 21 दिसंबर को शगुन वाटिका शिवपुरी में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में संस्था के प्रमुख मोहन मधुर अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल और सतीश अग्रवाल सिरोंज आए जहां उन्होंने अग्रवाल ट्रस्ट मंडल सिरोंज के अध्यक्ष राकेश बाबू गोयल, पूर्व अध्यक्ष महेश चंद्र गर्ग, रामप्रकाश गर्ग, अंकित मित्तल, सुलभ गर्ग, सुदामा गर्ग, कृष्ण गोपाल गर्ग, श्याम बाबू सिंहल सहित समाजजनों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने आगामी परिचय सम्मेलन हेतु बायोडाटा एकत्र करने और कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आमंत्रण दिया। अतुल गोयल ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक विषयों जैसे प्री-वेडिंग शूट की प्रवृत्ति, महंगी शादियां, बिगड़ता स्वास्थ्य और संस्कृति तथा 2047 तक समाज को भारत के परम वैभव तक पहुंचाने जैसे समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। समारोह में देशभर से अग्रवाल समाज के गणमान्य सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## वंदे मातरम की वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम



**सिरोंज, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित समाज कार्य पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने आज राष्ट्र गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनायी।

एलबीएस कॉलेज में संचालित कक्षाओं के संयुक्त सत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। इस अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी, परामर्शदाता प्रो. नरेंद्र दांगी, इंदर रघुवंशी, कृष्ण चंद्र पटेल, दिनेश शाक्य, गंगा अहिरवार एवं छात्र-छात्राओं ने वन्दे मातरम गीत को लेकर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने बताया कि इस गीत ने भारतीयों में राष्ट्रीय चेतना जागृत की और आजादी के दीवानों का मूल मंत्र बन गया। छात्रों ने बताया कि वन्दे मातरम गीत ने स्वतंत्रता सेनानियों में स्वतंत्रता का नया जोश पैदा किया। उन्होंने राष्ट्र गीत के प्रति वर्तमान समाज की मान्यताओं पर भी प्रकाश डाला। समाज कार्य स्नातकोत्तर की छात्रा रीता यादव ने कहा कि हमारे बच्चे आज आधुनिक स्कूलों में पढ़ते हैं, लेकिन उन्हें राष्ट्र गीत वन्दे मातरम की पर्याप्त जानकारी नहीं है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर लोगों को किया जागरूक

**विदिशा, देशबन्धु।** स्वावलंबन फाउंडेशन के द्वारा 9 नवंबर को जय कॉ प्लेक्स बड़ी बजरिया में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा चल रही गहन पुनरीक्षण कार्य एसआईआर प्रक्रिया को लेकर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विदिशा शहर काजी सैयद साजिद अली, डाक्टर एएच कुरैशी, बीएलओ अशगर अली, वार्ड 15 के पार्षद धर्मेंद्र यादव, रिटायर्ड डीएसपी करीम खान, हाजी असलम अंसारी रिटायर्ड प्रशिक्षक एसएटीआई आदि ने एसआईआर से संबंधित भ्रांतियों से जन सामान्य को जागरूक किया। वहीं आवश्यक कागजात, दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया और सही तरीके से आवेदन करने की संपूर्ण जानकारी सरल भाषा में समझाई। शिविर में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों, ऑनलाइन पंजीकरण और जरूरी चरणों की जानकारी ध्यानपूर्वक प्राप्त की एवं दूसरों तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया। वहीं जनता की सहायता के लिए मौके पर ही दस्तावेजों की जांच, फॉर्म भरने और प्रिंट निकालने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर परवेज अहमद, हाफिज सिद्दीकी, अनवर खान, मोह मद जमील खान, आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने खेत में देखे नरवाई प्रबंधन के नवाचार

**विदिशा, देशबन्धु।** जिले में धान की पराली नरवाई प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचारों के माध्यम से पर्यावरण और मिट्टी की जैविक उर्वरा शक्ति को बढ़ाने वाले सहयोगी जैविक मित्रों की क्षति को रोकने की पहल की जा रही है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने रविवार को ढोल खेड़ी के कृषक अंकित मेहतो के खेत में पहुंचकर बेलदार मशीन से नरवाई प्रबंधन के क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों का जायजा लिया है। आईटीसी एफपीओ के माध्यम से वेलर मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है आईटीसी के मैनेजर पवन कुमार शर्मा ने बेलर मशीन की कार्य प्रणाली की बिंदुवार जानकारियां सांझा की गई है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बेलर मशीन के कार्यों में विशेष रुचि दिखाते हुए उन्होंने शासन स्तर पर जिले से बेलर मशीनों पर अनुदान संबंधी प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए हैं उन्होंने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री के संज्ञान में उपरोक्त जानकारी लाई जाए ताकि विदिशा जिला बेलर मशीन के मामले में अग्रणी हो सके। उन्होंने संग्रहित की गई नरवाई का बहुसदोपयोग पर बल देते हुए किराए से बेलर मशीन संचालित कराने के संदर्भ में पहल करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं।

**धान की पराली खेत से उठाने का काम रही है चौपाल सागर**

जिन किसान भाईयों ने अपने खेतों में धान की फसल लगाई थी और धान की कटाई हार्वेस्टर के द्वारा करवा चुके है ऐसे खेतो में धान कटाई के उपरांत धान की पराली शेष रह जाती है। उक्त शेष पराली के कई उपयोग है जिनमें जिनमें क पोस्ट बनाना, बायोगैस बनाना, बायो-सीएनजी बनाना और बिजली उत्पादन करना आदि। उक्त उपयोग करने हेतु विदिशा जिले में आईटीसी चैपाल सागर कंपनी द्वारा कृषकों के खेतो से बिना किसी लागत से पराली उठाकर खेत साफ किया जा रहा है। उक्त कार्य हेतु कंपनी ने रायसेन के रतनपुर ग्राम में बायोधन केन्द्र स्थापित किया है। उक्त केन्द्र के अंतर्गत पराली उठाने वाली मशीने विदिशा जिले में भी चल रही है।

रविवार को विदिशा तहसील के ग्राम ढ़ोल खेड़ी में उक्त कंपनी द्वारा कृषक के खेतों में धान कटाई उपरांत बची हुई नरवाई को उठाने का प्रदर्शन कई कृषकों की उपस्थिति में किया। इसमें उप संचालक कृषि के.एस. खपेड़िया, सहायक संचालक कृषि महेंद्र ठाकुर, आईटीसी के प्रोसेस मैनेजर सार्थक कोटियाल एवं पवन कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

कंपनी द्वारा ट्रेक्टर से संचालित बेलर मशीन से धान की पराली के बंडल बनाये जाते है और लगभग 1 घंटे के दौरान 20 से 25 बंडल बनाकर उठाकर ले जाते है। जिसके कारण खेतो में बची हुई नरवाई में आग नहीं लगाना पड़ती और नरवाई का बेहतर प्रबंधन होता है।

प्रतिभाएं कठिन स्थितियों में भी अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेती हैं: परमार

## डिप्टी कलेक्टर चयन पर नरेन्द्र सिंह का किया सम्मान



**आष्टा, देशबन्धु।** प्रतिभाएं किसी पहचान की मोहताज नहीं होती है। एक ग्रामीण परिवेश में रहकर डिप्टी कलेक्टर जैसी कठिन परीक्षा पास करना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रतिभाएं कठिन परिस्थितियों में भी अपना स्थान बना लेती है, और लक्ष्य को हासिल कर लेती है। यदि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण समय का दान व लक्ष्य पर नजर हो तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

इसका उदाहरण नरेंद्र सिंह राजपूत का कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करना है। नरेन्द्र राजपूत का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हमारे क्षेत्र के लिए तो गौरव के क्षण है, अपितु उनकी उपलब्धि से अन्य प्रतियोगी परीक्षा के छात्र छात्राओं को भी मार्गदर्शन मिलेगा। उक्त आशय के उद्गार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने मध्य प्रदेश राज्य परीक्षा आयोग द्वारा आयोजित पीएससी परीक्षा में ग्राम दलपतपुरा के शासकीय शिक्षक एवं किसान मनोहर सिंह राजपूत के पुत्र नरेन्द्र सिंह राजपूत के डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होने पर उनके सम्मान में व्यक्त किये। चयनित डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र सिंह राजपूत ने उनकी सफलता का श्रेय उनके माता पिता एवं परिवार को देते हुए कहा कि परिवार के सहयोग के बिना इस कठिन परीक्षा को किसी भी स्थिति में पास नहीं कर पाते।

उन्होंने प्रतियोगी छात्राओं छात्र छात्राओं से कहा कि वह अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर विषयों की अच्छे से पढ़ाई करेंगे तो प्रतियोगी परीक्षा आसानी से उत्तीर्ण की जा सकती है। राजपूत का इस अवसर पर परमार ने फूलमाला एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर द्वारका सोनी राजहंस, सुनील प्रगति, वीरेंद्र सिंह परमार एडवोकेट, शुभम शर्मा उपस्थित थे।

## कोमल ने रोशन किया आष्टा का नाम, सहकारिता विस्तार अधिकारी के लिए हुआ चयन




**आष्टा, देशबन्धु।** तहसील के ग्राम आरोलिया की कोमल बामनिया का एमपीपीएससी में सहकारिता विस्तार अधिकारी पद पर चयन होने पर नगर में स्वागत जुलूस निकाला गया। इससे पूर्व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण किया उसके पश्चात रविदास जांगड़ा समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

तत्पश्चात अंबेडकर भवन से जुलूस के माध्यम से बाईपास चौपाटी एवं उनके निवास स्थान पर्वती थाना पेट्रोल पंप के पास तक निकाला गया। इस उपलब्धि पर समाज एवं अन्य समाज के लोगों ने जगह जगह स्वागत किया। इस अवसर पर रविदास जांगड़ा समाज के अध्यक्ष माखनलाल कुराडिया, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कैलाश बगाना, अजेक्स के संभागीय अध्यक्ष बंसीलाल धनवाल, रविदास जांगड़ा समाज धर्मशाला के अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, वरिष्ठ कांग्रेस के नेता एच आर परमाल, जिला पंचायत सदस्य सुनील करेला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिलोरिया, जितेंद्र फौजी, अर्जुन सिंह ठाकुर, रविंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र मेवाड़ा, दयाराम परिहार, घनश्याम बामनिया, घनश्याम जांगड़ा, माखनलाल धनवाल, जितेंद्र खैलवाल, पन्नालाल जांगड़ा, रमेश कटारे, शंकर लाल बाड़ोलिया, जीवन सिंह धनवाल एडवोकेट, के एल पेरवाल आदि उपस्थित थे।

# खेल जगत

## वॉशिंगटन बने 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज', राहिल खाजा ने सौंपा खास मेडल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत के स्टार ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया है। बीसीसीआई ने रविवार को ड्रेसिंग रूम का वीडियो शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी। ड्रेसिंग रूम में टीम ऑपरेशंस मैनेजर राहिल खाजा ने वॉशिंगटन सुंदर को खास मेडल दिया, जिसे हासिल करने के बाद वॉशिंगटन सुंदर ने बताया कि उनका ऑस्ट्रेलिया में खेलने और टीम की जीत में योगदान देने का अनुभव बेहद खास रहा है। मेडल देने के बाद राहिल खाजा ने वॉशिंगटन की तारीफ करते हुए कहा कि उनके सहयोग से खिलाड़ियों का काम आसान हो जाता है।वॉशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के तीन मुकाबलों में मौका दिया गया। उन्होंने होबार्ट में नाबाद 49 रन की पारी खेली, जबकि कैरारा में 12 रन बनाने के अलावा, 3 विकेट हासिल किए।



# दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट में द. अफ्रीका 'ए' ने भारत 'ए' को 5 विकेट से हराया

## जॉर्डन 123 गेंद पर 91 रन बनाकर आउट हुए, शतक से चूके




■ 417 रन का लक्ष्य लेकर उतरी दक्षिण अफ्रीका को सलामी बल्लेबाजों जॉर्डन और लेसेगो ने 156 रन की मजबूत शुरुआत दी

**बेंगलुरु,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस ग्राउंड, बेंगलुरु में खेले गए दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट में भारतीय ए टीम को हार का सामना करना पड़ा है। दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 417 रन का लक्ष्य मिला था, जो उसने 5 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। 417 रन का लक्ष्य लेकर उतरी दक्षिण अफ्रीका को सलामी बल्लेबाजों जॉर्डन हर्मनन और लेसेगो सेनोक्वाने ने 156 रन की मजबूत शुरुआत दी। पहले विकेट के लिए की गई साझेदारी ने ही टीम के लिए जीत की नींव रखी। जॉर्डन शतक से चूक गए। वह 123 गेंद पर 91 रन बनाकर आउट हुए। सेनोक्वाने ने 174 गेंदों पर 77 रन की पारी खेली। तीसरे नंबर पर आए जुबैर हमजा ने 88 गेंद पर 77 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीका के लिए जुबैर की ये तेज पारी काफी अहम रही। राष्ट्रीय टीम के कप्तान और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए टेंबा बवुमा ने 59 रन की पारी खेली। तीसरे विकेट के लिए इन दोनों के बीच 107 रन की साझेदारी हुई। कप्तान मारक्स एकरमैन ने 24 रन बनाए। कॉनर एस्टरहुइजन ने 54 गेंद पर नाबाद 52 और तियान वैन वुरेन ने नाबाद 20 रन बनाए। दोनों के बीच नाबाद 65 रन की साझेदारी हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 98 ओवर में 5 विकेट पर 417 रन बनाकर मैच 5 विकेट से जीता। मैच पर नजर डालें तो भारतीय टीम ने ध्रुव जुरेल के नाबाद 132 रन की मदद से पहली पारी में 255 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 221 रन बनाए थे और 34 रन से पिछड़ी थी। दूसरी पारी में भारत ने जुरेल के नाबाद 127 रन की मदद से 7 विकेट पर 382 रन बनाकर पारी घोषित की थी और पहली पारी में मिले 34 रन की बढ़त के आधार पर दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 417 रन का लक्ष्य दिया था। दोनों पारियों में शतक लगाने वाले भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। वहीं दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्कस एकरमैन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। एकरमैन ने पहली पारी में शतक लगाया था। भारतीय पिच पर 417 रन का लक्ष्य हासिल करते हुए दक्षिण अफ्रीका की जीत इस बात की गवाह है कि सीनियर टीमों के बीच होने वाली 2 टेस्ट मैचों की सीरीज रोमांचक होगी।

### अब अपने ही घर पर साउथ अफ्रीका से भारत का सामना

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज गंवाने के बाद टी20 सीरीज अपने नाम की। अब टीम इंडिया 14 नवंबर से साउथ अफ्रीका के विरुद्ध अपने ही घर पर टेस्ट और सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 14 नवंबर से होने जा रही है। पहला मैच कोलकाता में खेला जाएगा। इसके बाद 22 नवंबर से गुवाहाटी में दूसरे मुकाबले की शुरुआत होगी।दोनों देश तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलेंगे। पहला मैच रांची में 30 नवंबर से खेला जाएगा, जिसके बाद 3 दिसंबर को रायपुर में दूसरे मुकाबले का आयोजन होगा। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 6 दिसंबर को विशाखापत्तनम में खेला जाना है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 9 दिसंबर से कटक में पहला टी20 मुकाबला खेला जाएगा। 11 दिसंबर को न्यू चंडीगढ़ में सीरीज का दूसरा मैच होगा। तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर को धर्मशाला में खेला जाना है। 17 दिसंबर को लखनऊ में चौथा टी20 मैच होगा, जबकि 19 दिसंबर को अहमदाबाद में पांचवां मुकाबला आयोजित होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साउथ अफ्रीका के

# भारतीय शटलरों ने हैदराबाद में पांच में से चार खिताब जीते



तेलंगाना इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025

■ सात्विक रेड्डी कनापुरम और रेशिका उथयासूरियन ने मिश्रित युगल खिताब जीता

**हैदराबाद,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। घरेलू शटलरों ने हैदराबाद में तेलंगाना इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और रविवार को पांच संभावित खिताबों में से चार के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। अंतिम दिन भी उलटफेरों से भरा रहा, क्योंकि कमज़ोर टीमों ने सभी पांच फाइनल जीते।

मानसी सिंह और गिनपॉल सोना ने क्रमश: महिला और पुरुष वर्ग का खिताब जीतकर भारत को एकल खिताब जीतने में मदद की। सात्विक रेड्डी कनापुरम और रेशिका उथयासूरियन ने मिश्रित युगल खिताब जीता। इस बीच, हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन ने पुरुष युगल में शीर्ष पोडियम स्थान हासिल करके अपने सुनहरे दौर को जारी रखा। जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर एरीना में प्रतियोगिता के अंतिम दिन तक, घरेलू शटलरों ने पहले ही तीन खिताब हासिल कर लिए थे, जिसमें एकल और मिश्रित युगल दोनों फाइनल पूरी तरह से भारतीय मुकाबले थे।

सातवीं वरीयता प्राप्त और विश्व में 89वें नंबर की खिलाड़ी मानसी सिंह ने हैदराबाद में महिला एकल स्पर्धा में शीर्ष वरीयता प्राप्त हमवतन रक्षिता श्री संतोष रामराज (जो उनसे 46 स्थान बेहतर रैंकिंग पर हैं) को 21-9, 21-14 के अंतर से हराकर जीत हासिल की। 20 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पूरे अभियान में एकतरफा दबदबा दिखाया और खिताब तक पहुंचने के दौरान एक भी गेम नहीं गंवाया। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज का खिताब भी जीता, हालाँकि उन्होंने वहां एक निर्णायक गेम खेला था।पुरुष एकल फाइनल में भी उलटफेर देखने को मिला, जब 193वीं रैंकिंग वाले गिनपॉल सोना ने एक अन्य अखिल भारतीय फाइनल में विश्व में 110वें नंबर के मिथुन मंजूनाथ को 21-9, 21-11 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता।भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी सात्विक कनपुरम और रेशिका उथयासूरियन ने दिन के पहले फाइनल में विश्व में 196वें नंबर के ईशान भटनागर और आराधना बालचंद्र को 22-20, 21-8 से हराकर उलटफेर का सिलसिला शुरू किया था। अंतिम खिताबी निर्णायक मुकाबले में, पांचवीं वरीयता प्राप्त हरिहरन अम्साकरुनन और एमआर अर्जुन ने थाईलैंड के तीसरी वरीयता प्राप्त फरान्यू काओसमांग और तनाडोन पुनपनिच को 21-14, 21-14 से हराकर पुरुष युगल टीम के रूप में अपना लगातार तीसरा खिताब जीता।इससे पहले, इस जोड़ी ने अल ऐन मास्टर्स और तुर्किये इंटरनेशनल चैलेंज में जीत हासिल की थी और अब तक उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 19-2 है।

# महिला क्रिकेट में क्रांतिकारी बदलाव का श्रेय जय शाह को दिया जाना चाहिए : मिथुन मन्हास

**नई दिल्ली,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने देश में महिला क्रिकेट में क्रांतिकारी बदलाव और सफलता का श्रेय मौजूदा आईसीसी सचिव जय शाह को दिया है।

मन्हास ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम लगभग 20 साल पहले बीसीसीआई का हिस्सा बनी। इसके बाद टीम के विकास के लिए बोर्ड द्वारा काफी काम किया गया। बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह का देश की महिला क्रिकेट टीम के उत्थान में अहम योगदान रहा है।

उन्होंने महिला क्रिकेट टीम की मैच फीस पुरुषों के समान की। आईपीएल की तर्ज पर विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत हुई। अंडर-15 क्रिकेट को भी शुरू किया गया है। आईसीसी अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने महिला विश्व कप 2025 की इनाम राशि में कई गुणा वृद्धि की। इस तरह न सिर्फ भारतीय महिला क्रिकेट टीम बल्कि दुनियाभर में महिला क्रिकेट की बेहतरीन के लिए वे शानदार काम कर रहे हैं और इसका श्रेय उन्हें दिया जाना चाहिए। बीसीसीआई अध्यक्ष ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व चैंपियन बनने पर बधाई देते हुए कहा कि इससे देश में महिला क्रिकेट में निश्चित रूप से क्रांति आएगी। मैं उम्मीद करता हूं कि पुरुषों की तरह अब महिलाएं भी गली क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगी।



भारतीय महिला क्रिकेट टीम लगभग 20 साल पहले बीसीसीआई का हिस्सा बनी : मिथुन मन्हास

महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने की बोर्ड अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी सेजुड़े सवाल पर मन्हास ने कहा, कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी और विरासत है जिसे हमें आगे ले जाना है। हम इसके लिए तैयार हैं। हमारी टीम सक्षम है। हम अच्छा काम करने का प्रयास करेंगे ताकि न केवल महिला टीम, बल्कि पुरुष टीम भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचे और भारतीय क्रिकेट का उत्थान जारी रहे। बीसीसीआई अध्यक्ष ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष के रूप में रोहन जेटली द्वारा प्रथम श्रेणी क्रिकेट के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# डब्ल्यूबीबीएल : जीत के साथ मेलबर्न रेनेगेड्स के अभियान की शुरुआत

**ब्रिस्बेन,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। विमेंस बिग बैश लीग 2025 (डब्ल्यूबीबीएल) में मेलबर्न रेनेगेड्स ने अपने अभियान का शानदार आगाज किया है। इस टीम ने रविवार को सीजन के पहले मुकाबले में ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 7 विकेट से जीत दर्ज की। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी ब्रिस्बेन हीट ने निर्धारित 20 ओवरों में 133 रन बनाए। इस टीम ने 15 रन पर चार्ली नॉट का विकेट गंवा दिया था। चार्ली महज 4 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। इसके बाद जेमिमा रोड्रिगेज ने नादिन डी क्लार्क के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 38 रन जोड़कर टीम को संभालने की कोशिश की।जेमिमा 9 गेंदों में 6 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि नादिन ने 38 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 40 रन की पारी खेली। चिनेल हेनरी ने 29 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।विपक्षी टीम की ओर से टेस फ्लिंटॉफ, कप्तान जॉर्जिया वेयरहैम और एलिस कैप्सी ने 3-3 विकेट निकाले।

# यह विश्व कप जीत महिला क्रिकेट में बदलाव लेकर आएगी : राधा यादव



**वडोदरा,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। महिला विश्व कप खिताब जीतने के बाद जब राधा यादव वडोदरा पहुंचीं, तो उनका जोरदार स्वागत हुआ। भारतीय क्रिकेट टीम की ऑर्थोडॉक्स गेंदबाज का मानना है कि यह विश्व कप जीत भारतीय महिला क्रिकेट में काफी बदलाव लेकर आएगी। राधा यादव ने पत्रकारों से कहा कि भारतीय महिला टीम के विश्व कप खिताब जीतने से काफी बदलाव आएगा। छोटी-छोटी बच्चियां हमारे मैच देखती हैं। यही हमारे लिए बहुत बड़ी जीत है। आज के दौर में लड़कियां खेलों में देश का नाम रोशन करना चाहती हैं। हम एकजुट होकर खेले, जो बड़ा अचीवमेंट है। खिताबी मुकाबले को लेकर हम नर्वस थे। छोटी-छोटी गलतियां सभी से हुईं, लेकिन आखिरकार हमने विश्व कप खिताब जीता। उन्होंने इस जीत का श्रेय पूर्व महिला खिलाड़ियों को देते हुए कहा कि यह सिर्फ हमारी जीत नहीं है। यह पूर्व महिला खिलाड़ियों की भी जीत है, जो उस दौर में खेलीं, जब महिला क्रिकेट में इतनी शोहरत नहीं मिलती थी। ये आने वाली पीढ़ी के लिए मोटिवेशन है। आप क्रिकेट में अपना शत प्रतिशत दें और विश्व कप जीतने का सपना देखें। वडोदरा में हुए जोरदार स्वागत को लेकर राधा यादव ने कहा कि पूरा वडोदरा मुझे बधाई देने पहुंचा है। यह देखकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। मुझे यहां रहना बहुत अच्छा लगता है। शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जेमिमा रोड्रिगेज, राधा यादव और स्मृति मंधाना के साथ टीम के हेड कोच अमोल मजूमदार को भी सम्मानित किया। भारत ने 2 नवंबर को नवी मुंबई में खेले गए खिताबी मुकाबले में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 52 रन से जीत दर्ज की थी। टीम इंडिया ने निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। भारतीय पारी में शेफाली वर्मा ने 87 रन बनाए, जबकि दीप्ति शर्मा ने 58 रन जोड़े।

## सार संक्षेप

### दीप्ति शर्मा ने किए भगवान महाकाल के दर्शन

**उज्जैन।** महिला विश्व क्रिकेट कप 2025 का खिताब जीतने के बाद भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा रविवार को आशीर्वाद लेने के लिए उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। इस दौरान वह सुबह पवित्र भस्म आरती में शामिल हुईं। जब टीम इंडिया विश्व कप में लगातार मुकाबले हार रही थी, तो भारतीय दल ने टूर्नामेंट के बीच महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया था। उस दौरान खिलाड़ियों ने भस्म आरती में शामिल होने के बाद नंदी हॉल में प्रार्थना की थी। इसके बाद टीम सेमीफाइनल में पहुंची, जहां ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त देने के बाद फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया। महाकालेश्वर में भस्म आरती को आध्यात्मिक रूप से शक्तिशाली अनुष्ठान माना जाता है, जो सुबह के समय किया जाता है। भक्तों के लिए इसका गहरा महत्व है, जो इसे एक पवित्र और रहस्यमय वातावरण में भगवान महाकाल के दिव्य रूप के दर्शन करने का एक दुर्लभ अवसर मानते हैं।

### सिमरजीत ने किया शानदार प्रदर्शन, झटके छह विकेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह ने शाम के सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए जम्मू-कश्मीर की टीम को पहली पारी में 310 के स्कोर पर समेट दिया। हालांकि कप्तान पारस डोगरा (106), अब्दुल समन (85) और कन्हैया वधावन (47) की शानदार पारियों के दम पर जम्मू-कश्मीर ने 99 रनों की बढ़त मिली। दिन का खेल समाप्त होने तक दिल्ली ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए सात रन बना लिये हैं। सिमरजीत ने दिन की धीमी शुरुआत के बाद छह विकेट लिए। जब आज खेल शुरू हुआ तो वह मैदान पर नहीं थे। वह थोड़ी देर तक अलग अभ्यास कर रहे थे। जब वह आखिरकार मैदान पर आए तो वह पूरी तरह फिट नहीं लग रहे थे। उन्होंने डीप में एक आसान कैच छोड़ दिया। लेकिन सिमरजीत सिंह ने स्विंग कराकर जम्मू-कश्मीर के बल्लेबाजों को परेशान रखा और आखिरकार छह विकेट लेकर दिन का खेल खत्म किया।

### आरसीबी की नई असिस्टेंट कोच होंगी अन्या श्रुबसोल

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर अन्या श्रुबसोल को असिस्टेंट कोच नियुक्त करने की पुष्टि की है। वनडे वर्ल्ड कप 2017 की विजेता पहली बार विमेंस प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) में आरसीबी के सेटअप का हिस्सा होंगी। अन्या श्रुबसोल अब मलोलन रंगराजन के साथ जिम्मेदारी संभालेंगी, जिन्हें आगामी सीजन के लिए हेड कोच के रूप में पदोन्नत किया गया है। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर घोषणा करते हुए लिखा, एक चैंपियन, अब हमारी लड़कियों का मार्गदर्शन करने के लिए आगे आ रही हैं। इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज, 2017 महिला विश्व कप विजेता और फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहीं अन्या श्रुबसोल का डब्लूपीएल में आरसीबी के असिस्टेंट कोच के रूप में स्वागत करने में हमारे साथ शामिल हों।

# आकाश चौधरी ने रचा इतिहास प्रथम श्रेणी क्रिकेट का सबसे तेज अर्द्धशतक जड़ा

**सूरत,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। मेघालय के बल्लेबाज आकाश चौधरी ने इतिहास रच दिया है। रणजी ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ खेले जा रहे मैच में रविवार को आकाश ने इतिहास रचा। 25 साल के इस बल्लेबाज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक लगाया। आकाश ने सिर्फ 11 गेंदों में अर्द्धशतक लगाया। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक है। आकाश ने अपनी पारी में अरुणाचल के गेंदबाज लिमार डाबी को एक ही ओवर में 6 लगातार छक्के लगाए। अपनी अगली दो गेंदों पर भी आकाश ने छक्का लगाया। इस तरह लगातार 8 छक्के लगाकर आकाश ने 11 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। आकाश आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार 6 छक्के आकाश चौधरी से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रवि शास्त्री और वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स लगा चुके हैं। आकाश ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक के वायने व्हाइट का रिकॉर्ड तोड़ा। व्हाइट ने 2012 में 12 गेंद पर अर्धशतक लगाया था। क्लाइव इनमान ने 1965 में 13 गेंद पर अर्धशतक लगाया था। मैच की बात करें तो मेघालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 628 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी।

# फिडे विश्व कप 2025 : विश्व चैंपियन गुकेश डी. हुए बाहर



■ चार भारतीयों ने फिडे विश्व कप 2025 के चौथे राउंड में जगह बनाई

**पणजी,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंधा ने बीच के गेम में मिली मामूली बढ़त का पूरा फायदा उठाते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर रॉबर्ट होवहानिस्यान को हरा दिया। इस तरह चार भारतीयों ने यहां जारी फ़िडे विश्व कप 2025 के चौथे राउंड में जगह पक्की कर ली, जबकि विश्व चैंपियन गुकेश डी. हारकर बाहर हो गए।

प्रज्ञानंधा, जिन्हें तीसरे राउंड में पहुंचने के लिए लंबा टाईब्रेक खेलना पड़ा और फिर काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ करना पड़ा, खुद को मुश्किल स्थिति में पा गए क्योंकि ऐसा लग रहा था कि होवहानिस्यान ने भारतीय की शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया है। लेकिन तीसरे सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय खिलाड़ी के पास एक स्पष्ट रणनीति थी और उन्होंने 27वीं चाल में अपनी रानी और हाथी के साथ काले मोहरों के राजा पर दबाव बनाकर मैच पर नियंत्रण कर लिया। आर्मेनियाई खिलाड़ी ने अंतत: 42 चालों के बाद हार मान ली। कुल 10 भारतीय खिलाड़ी फ़िडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह सिंगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट है जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसका नाम इस भारतीय दिग्गज के नाम पर रखा गया है। सफ़ेद मोहरों से पहला गेम जीतने वाले हरिकृष्णा ने बेल्जियम के ग्रैंडमास्टर डैनियल दर्धा के खिलाफ एक त्वरित ड्रॉ खेलने के बाद अगले दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। इसके तुरंत बाद ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और विश्व जूनियर चैंपियन ग्रैंडमास्टर प्रणव वी भी उनके साथ आ गए, जिन्होंने भी काले मोहरों से खेलते हुए जोखिम नहीं उठाया और अंक बांट लिए। प्रतियोगिता में सर्वोच्च वरीयता प्राप्त विदेशी खिलाड़ी अनीश गिरी, ग्रैंडमास्टर अलेक्जेंडर डोनचेंको के खिलाफ काले मोहरों से 47 चालों में दूसरा गेम हारने के बाद बाहर हो गए। विश्व चैंपियन गुकेश डी. फ्रेडरिक स्वेन के खिलाफ तीसरे दौर का मैच हार गए।

# रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को नौ रनों से हराया

■ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बनाई बढ़त

**नेल्सन,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। डेवोन कॉन्वे (56) और डैरिल मिचेल (41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जेकब डफी और ईश सोढ़ी (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम न्यूजीलैंड ने तीसरे टी-20 के रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज पर नौ रनों से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। ईश सोढ़ी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। वेस्टइंडीज 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 12.3 ओवर में 88 रन पर आठ विकेट खो गंवा चुकी थी और उसकी हार निश्चित नजर आ रही थी। ऐसे संकट के समय शमर स्प्रिंगर और रोमारियो शेफर्ड की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस जोड़ी ने नौवें विकेट के लिए सिर्फ 39 गेंदों में 78 रन जोड़कर वेस्टइंडीज की जीत की उम्मीदों को जिंदा रखा। एक समय जहां 45 गेंदों में 90 रन चाहिए थे। इन दोनों ने इसे सात गेंदों में 13 रन तक ला दिया। इसी दौरान जैकब डफी ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर एक शानदार रिटर्न कैच लेकर स्प्रिंगर को आउट कर दिया। स्प्रिंगर ने 20 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 39 रन बनाए।

# एमएलएस : इंटर मियामी ने नैशविले को 4-0 से रौंदा



■ मुकाबले में मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी और अटैकर तादेओ अलेंदे जीत के हीरो रहे

**फोर्ट लॉडरडेल,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। इंटर मियामी ने एमएलएस कप प्लेऑफ के पहले राउंड की बेस्ट-ऑफ-3 सीरीज के निर्णायक गेम 3 में नैशविले साउथ कैरोलिना पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज करते हुए क्लब के इतिहास में पहली बार ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी और अटैकर तादेओ अलेंदे जीत के हीरो रहे, जिन्होंने दो-दो गोल दागे।

मेसी ने 10वें मिनट मैच का खाता खोला। उन्होंने इंटर मियामी को शुरुआती बढ़त दिलाई। यह 2025 एमएलएस सीजन का उनका 34वां गोल रहा। इसके बाद 39वें मिनट में एक और गोल करते हुए उन्होंने ब्रेक से पहले इंटर मियामी की बढ़त को दोगुना कर दिया। इंटर मियामी दूसरे हाफ में भी नैशविले पर हावी नजर आई। तादेओ अलेंदे ने मुकाबले के 73वें मिनट अपना पहला गोल दागते हुए टीम को 3-0 से आगे कर दिया। अल्बा ने बॉक्स के बाईं ओर मेसी के साथ मिलकर अंतिम रेखा तक पहुंचने से पहले अलेंदे को एक जमीनी पास दिया, जिसे उन्होंने गोल में तब्दील किया। इसी के साथ अलेंदे के 2025 एमएलएस सीजन में 13 गोल हो गए, जबकि यह अल्बा का 16वां असिस्ट था। इसके बाद अलेंदे ने 76वें मिनट में मेसी की सटीक थ्रू बॉल के बाद गोलकीपर के ऊपर से एक शानदार चिप फिनिश के साथ अपना दूसरा गोल दागते हुए इंटर मियामी के लिए जीत सुनिश्चित कर दी।

यह असिस्ट अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी मेसी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। यह उनके करियर का 400वां असिस्ट था। 4-0 के स्कोर पर अंतिम सीटी बजने के साथ इंटर मियामी क्लब के इतिहास में पहली बार एमएलएस कप प्लेऑफ के ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में पहुंचा। एक अन्य मुकाबले में सिनसिनाटी ने कोलंबस पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में जेसन रसेल ने 63वें मिनट गोल दागा और मैच का खाता खोलते हुए कोलंबस को बढ़त दिलाई। इसके बाद ब्रेनर ने 67वें मिनट गोल करते हुए सिनसिनाटी को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। मुकाबले के 86वें मिनट एक बार फिर गोल करते हुए ब्रेनर ने सिनसिनाटी को 2-1 से आगे कर दिया।

# जोकोविच ने फैंस को चौंकाया, एटीपी फाइनल्स से नाम लिया वापस



■ जोकोविच ने फाइनल में लोरेंजो मुसेट्टी को 4-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी

**एथेंस,** 9 नवम्बर (एजेंसियां)। स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने एथेंस में शानदार जीत दर्ज करने के कुछ घंटों बाद ही एटीपी फाइनल्स से नाम वापस लेने का ऐलान करते हुए फैंस को चौंका दिया।

नोवाक जोकोविच ने हेलेनिक चैंपियनशिप में खिताब जीता। 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने करीब 3 घंटों तक चले फाइनल में लोरेंजो मुसेट्टी को 4-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। इस दौरान निर्णायक सेट में 13 ब्रेक प्वाइंट और पांच बार सर्विस ब्रेक शामिल थे। मुसेट्टी को एटीपी टूर फाइनल में लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने साल 2022 में हैम्बर्ग और नेपल्स में अपने पहले दो खिताब जीते थे।

जीत के बाद जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एटीपी फाइनल्स से नाम वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि मुझे दुख है कि चोट की वजह से एटीपी फाइनल्स से हटना पड़ रहा है। मुझे स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। मैं उन फैंस से माफी चाहता हूं, जो मुझे खेलते हुए देखने की उम्मीद कर रहे थे। आपका समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इस फैसले के बाद मुसेट्टी अब उनकी जगह ट्यूरिन में खेले जाने वाले एटीपी फाइनल्स में शामिल होंगे।

कांग्रेस का पचमढ़ी शिविर

# राहुल ने जिलाध्यक्षों को पढ़ाया एकजुटता का पाठ, मार्शल आर्ट के जरिए फिटनेस का अभ्यास कराया

**पचमढ़ी/भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को पचमढ़ी में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्षों के साथ विशेष सत्र को संबोधित किया। बैठक समाप्त होने के बाद राहुल गांधी जब भोपाल होते हुए दिल्ली के लिए रवाना हुए, तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी संगठन को मजबूती देने का स्पष्ट रोडमैप देकर लौटे हैं। उन्होंने हर जिला अध्यक्ष को जमीन पर उतरकर जनता के साथ जुड़ने का मंत्र दिया है। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद थे।

सत्र की खास बात यह रही कि राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों के साथ मार्शल आर्ट की पोशाक पहनकर फिटनेस और फोकस पर आधारित 30 मिनट का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति भी मार्शल आर्ट की तरह है। गिरोगे, लेकिन फिर उठकर लड़ना ही जीत की कुंजी है। भाजपा की विचारधारा से मुकाबला मोहब्बत और धैर्य से करना है। राहुल ने समझाया कि नकारात्मकता का जवाब सकारात्मकता से देना है।

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस कई जगह बेहद मामूली अंतर से चुनाव हारी है और इसे बदलने के लिए संगठन को एकजुट होकर हर घर तक पहुंचना होगा। उन्होंने कहा निराश होने की जरूरत नहीं है, मेहनत की जरूरत है। खुद के लिए नहीं, संगठन के लिए काम कीजिए। 2028 में कांग्रेस सरकार बनाना हमारा साझा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उसी सोच को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। जयवर्धन सिंह ने बताया कि राहुल ने उनके परिवार के साथ समय बिताया और संविधान की प्रति पर भी चर्चा की।



### गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

राहुल गांधी रविवार सुबह पचमढ़ी के गांधी चौक पहुंचे, जहां उन्होंने अपने पिता राजीव गांधी द्वारा 1989 में अनावरण की गई गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। स्थानीय कार्यकर्ताओं से संक्षिप्त चर्चा के बाद वह हेलीपैड के लिए रवाना हुए।

### जमीन से जुड़े संगठन का ब्लूप्रिंट तैयार हुआ : पटवारी

भोपाल विमानतल पर विदाई देते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल जी ने संगठन की धड़कन को समझते हुए जिलाध्यक्षों को स्पष्ट दिशा दी है। उनका मंत्र है समन्वय, संघर्ष और जनता के साथ सीधा संवाद। यह यात्रा कांग्रेस को नई ऊर्जा देगी। पचमढ़ी में जिलाध्यक्षों के साथ विशेष सत्र के बाद राहुल गांधी दिल्ली रवाना हुए, जहां उन्होंने संगठन को जमीन से मजबूत करने, एकजुट रहने और संघर्ष के लिए तैयार रहने का स्पष्ट संदेश दिया।

# मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में जानकी के दर्शन कर की पूजा-अर्चना



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के सीतामढ़ी में माँ जानकी की जन्म स्थली पुनौरा धाम के मंदिर में जानकी मैया के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में जानकी मैया की आरती कर आसमान भी किया। उन्होंने मध्यप्रदेश के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंदिर परिसर में पुजारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने पारम्परिक तरीके से पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत-अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की और कहा कि माता जानकी की यह जन्म स्थली (पुनौरा धाम) भारतीय संस्कृति, आस्था और स्थापत्य कला का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि माता जानकी समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति थीं। उनके चरणों में मध्यप्रदेश की जनता की की ओर से प्रणाम कर सभी के मंगल की कामना करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर मंदिर परिसर में बडी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। सभी ने माता जानकी का जयघोष किया। पुनौरा धाम में दर्शन-पूजन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता जानकी की जन्म स्थली के दर्शन का सौभाग्य मिला है। यह स्थान भगवान श्रीराम के रामराज्य का समय, माता सीता से स्वयंवर तथा विवाह के बाद इस स्थान से अयोध्या जाने का स्मरण कराता है। हमें भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा मिलती है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अयोध्या में हिंदु-मुस्लिम सभी भाईयों ने मिलकर श्री राम का भव्य मंदिर बनवाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में धार्मिक पर्यटन को कैसे बढ़ाया जा सकता है।

केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने दी मंजूरी

# प्रदेश के 8 नगर निगमों को 972 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में डीजल ईंधन से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिये सार्वजनिक परिवहन सेवा में इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने प्रदेश के 8 नगर निगमों में 972 पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दी है। यह बसें शीघ्र संचालित हों, इसके लिये नगरीय निकायों द्वारा बस डिपो और चार्जिंग से जुड़े सभी अधोसंरचना कार्य तेजी से किये जा रहे हैं।

प्रदेश में बस डिपो अधोसंरचना निर्माण के लिये संबंधित नगरीय निकायों को केन्द्र सरकार द्वारा 60 प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत राशि प्रदाय की जा रही है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में चार्जिंग पाइंट अधोसंरचना निर्माण के लिये केन्द्र सरकार द्वारा 100 प्रतिशत राशि प्रदाय की जा रही है।

### भोपाल को 195, जबलपुर 2 सौ और इंदौर को 270 बसें मिलेंगी

केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने जिन नगर निगमों में ई-बसों की मंजूरी दी है, इनमें भोपाल में 195, इंदौर में 270, ग्वालियर में 100, जबलपुर में 200, उज्जैन में 100, सागर में 32, देवास में 55 और सतना में 20 ई-बसें शामिल हैं। नगरीय निकायों में ई-बस सेवा का संचालन जल्द शुरू हो, इसके लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने संबंधित निकायों को बस डिपो और चार्जिंग स्टेशन से जुड़े अधोसंरचना के सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

मंत्री निर्मला भूरिया ने दिखाई हरी झंडी

# धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती पर 'जनजातीय गौरव रथ' हुआ रवाना



**भोपाल, देशबन्धु।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय संस्कृति और गौरव को समर्पित ''जनजातीय गौरव पखवाड़ा'' के अंतर्गत रविवार को झाबुआ में जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जिला कलेक्टर सुश्री नेहा मीना की उपस्थिति में इस रथ को रवाना किया, जो जिले के विभिन्न गांवों और नगरों में भ्रमण कर जनजातीय महानायकों की गाथा जन-जन तक पहुँचाएगा। रथ में भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या मामा, शंकरशाहङ्करघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, शहीद भीमा नायक, माता शबरी सहित अनेक जनजातीय वीर-वीरांगनाओं के जीवन परिचय, उनके संघर्षों और योगदान की झलकियाँ प्रदर्शित की जा रही हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र सिंह चौहान, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी आर.एस. बघेल, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

विभिन्न विभागों ने केंद्र को भेजे प्रस्ताव, विकास कार्य निरंतर जारी

# जनजातीय युवाओं को मिल रही भरपूर शैक्षणिक सुविधाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समुदायों के विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न विभागों द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहे हैं। कौशल भारत मिशन के अंतर्गत तकनीकी शिक्षा कौशल विकास विभाग द्वारा बैतूल जिले में तीन विकासखण्डों भैंसदेही, आठनेर, बैतूल एवं झाबुआ के राणापुर में शासकीय आईटीआई स्थापित करने के लिए केन्द्र को प्रस्ताव भेजे हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने 135 नए आंगनवाड़ी केन्द्रों का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा है। इसके अलावा 2468 सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपडेट करने का प्रस्ताव भी भेजा गया है। पर्यटन विभाग द्वारा स्वदेश दर्शन योजना में 14 गांवों में 86 ट्राइबल होमस्टे बनाने के लिए नए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

राज्य सरकार के सुनियोजित प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2022 में मंडला देश का पहला 100त्न साक्षर जनजाति जिला बन गया था। न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोगाम के अंतर्गत 47 लाख 58 हजार लोगों को साक्षर बनाया गया है। जनजातीय क्षेत्रों में साक्षरता का स्तर सुधारने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य शासन ने पिछले 10 सालों में जनजातीय परिवार के बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए विशेष ध्यान दिया है। पिछले 10 सालों में 2596.90 करोड रुपए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के रूप में 18 लाख 48 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को दिए गए। इसी प्रकार 55 विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय अध्ययन के लिए विदेश भेजने के लिए 18.55 करोड रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई।

जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शालाओं, माध्यमिक शालाओं, हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक, सांदीपनि ने विद्यालयों, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिषद, आदर्श आवासीय विद्यालय, आश्रम एवं क्रीड़ा परिसर मिलकर 27 हजार 886 संस्थाएं हैं, जिनमें 22 लाख 18 हजार विद्यार्थी हैं। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित संस्थाओं का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का औसत परीक्षा परिणाम क्रमशः 83.92 प्रतिशत और 78.72त्न है।

महाविद्यालय स्तर पर छात्रावास में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को आवास किराया प्रतिपूर्ति आवास सहायता योजना में की जा रही। राष्ट्रीय संस्थानों जैसे एम्स, आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम में प्रवेश लेने पर 25 से 50 हजार तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। पीएम जनमन योजना में 9 विभागों की योजनाओं को जनजातीय बहुल जिलों में क्रियान्वित किया जा रहा है। हितग्राही मूलक योजनाओ में 100त्न लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गई। आधार कार्ड, जन धन बैंक खाता, आयुष्मान भारत, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान कल्याण निधि और राशन कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 21 जिलों के दूरस्थ गांवों में 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित हैं। जनजाति समुदाय के विद्यार्थियों के लिए 16 जिलों में 106 छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं। ऊर्जा विभाग द्वारा 26 हजार से ज्यादा घरों में बिजली उपलब्ध कराने का काम पूरा हो गया है और 2000 से ज्यादा घरों में सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराई गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 1058 जनजातीय बहुल बसाहटों के लिए 2271 किलोमीटर सड़क बनाने का काम चल रहा है। इसके अलावा 1 लाख 78 हजार से ज्यादा पक्का घर दिए गए हैं। हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत 83 हजार घरों में नल से जल पहुंच गया है।

# बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे को मिली क्लीन चिट, साबित नहीं हुए डीएफओ के आरोप

**भोपाल, एजेंसी।** बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे को वन विभाग की जांच में क्लीन चिट मिल गई है। वन विभाग की डीएफओ नेहा श्रीवास्तव द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच वरिष्ठ अधिकारियों ने की, जिसमें विधायक पर लगाए गए आरोपों का कोई ठोस सबूत नहीं मिला। जांच रिपोर्ट में वरिष्ठ अफसरों ने स्पष्ट किया कि शिकायत में किए गए दावे प्रमाणित नहीं हो पाए हैं। मामले की रिपोर्ट शासन को सौंपी गई थी, जिसमें कहा गया कि संबंधित आरोपों के समर्थन में कोई प्रत्यक्ष गवाह मौजूद नहीं था।

दरअसल, डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने 18 अगस्त को विधायक पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 16 अगस्त को बालाघाट के फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में उनसे मुलाकात के दौरान कुछ अनुचित मांग की थी। इस शिकायत के बाद शासन ने वरिष्ठ अधिकारियों से जांच कराई थी। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि शिकायतकर्ता और विधायक की मुलाकात निजी कमरे में हुई थी, इसलिए किसी प्रत्यक्ष साक्ष्य का अभाव था। जांच के दौरान विधायक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने का अवसर भी दिया गया था, लेकिन बाद में आरोपों को आधारहीन पाया गया। विधायक अनुपमा मुंजारे ने कहा कि उन्हें न्याय मिला है और अब वे झूठे आरोप लगाने वाली अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगी।

मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-

# राहुल बताएं, युवा कांग्रेस के चुनाव में साढ़े 8 लाख वोट किसके कहने पर चोरी हुए

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए युवा कांग्रेस के चुनाव में जमकर वोट चोरी हुई है। राहुल गांधी देशभर में वोट चोरी के मिथ्या आरोप लगा रहे हैं, जबकि उनकी अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी के अंदर ही वोट चोरी हो गए हैं। राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस की वोट चोरी की है। राहुल गांधी की अगुवाई में मध्यप्रदेश में युवा कांग्रेस के चुनाव कराए गए, जिसमें वोट चोरी हुए।

श्री सारंग ने आज मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि राहुल गांधी बताएं मध्यप्रदेश में युवा कांग्रेस चुनाव में साढ़े 8 लाख वोट होल्ड और रिजेक्ट किए, यह किसने चुराए। उन्होंने कांग्रेस से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या यह वोट राहुल गांधी के इशारे पर चोरी हुए हैं? कांग्रेस नेताओं ने मध्यप्रदेश में युवा कांग्रेस के चुनाव में वोट चोरी कर किसान के बेटे अभिषेक परमार को हराया और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लखन घनघोरिया के बेटे यश को चुनाव में जिताया। कांग्रस पार्टी का यह चुनाव भी वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति की भेंट चढ़ गया है। इस चुनाव ने भी कांग्रेस की परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति को स्थापित किया है। मध्यप्रदेश के युवाओं से रजिस्ट्रेशन और चुनाव लड़ने के नाम पर जो साढ़े 8 करोड़ वसूले गए हैं वह उनके माता-पिता की गाढ़ी कमाई के पैसे हैं। राहुल गांधी बताएं कि आखिर साढ़े 8 करोड़ रूपए पर पर डाका किसने डाला और किसके इशारे पर डाला गया है। मैं कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी से पूछता हूं कि जब लोकतंत्र का मखौल ही उड़ाना था तो युवा कांग्रेस चुनाव के लिए रजिस्ट्रेशन कराकर मध्यप्रदेश के भोलेभाले युवाओं से पैसे क्यों वसूले। राहुल गांधी जब से कांग्रेस का चेहरा बने हैं, तबसे कांग्रेस पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। राहुल गांधी सुर्खियां बटोरने के लिए लोकतांत्रित व्यवस्थाओं पर तथ्यहीन, झूठे और मनगढंत आरोप लगा रहे हैं।



बिजली बकायदाओं के लिए शुरू हुई समाधान योजना को मिला अच्छा रिस्पांस

# 6 करोड़ 11 लाख का सरचार्ज हुआ माफ

### 6 दिन में ही 8163 उपभोक्ताओं ने लिया योजना का लाभ, कम्पनियों के खाते में 11 करोड़ से अधिक की राशि जमा हुई




**भोपाल, देशबन्धु।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई समाधान योजना 2025-26 को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। अब तक 6 दिनों में ही 8163 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। इनका 6 करोड़ 11 लाख रुपए सरचार्ज माफ हुआ है। उन्होंने ग्वालियर में पत्रकारों से चर्चा कर क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत हुए निर्माण एवं विकास कार्यों की भी जानकारी दी।

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि तीन माह से अधिक के विलम्बित बिल के भुगतान पर मध्य प्रदेश सरकार ने सरचार्ज में भारी छूट देने का फैसला लिया है। इस फैसले के क्रियान्वयन के लिये समाधान योजना 2025-26 विगत 3 नवम्बर से शुरू होकर 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। यह योजना दो चरणों में है। पहला चरण 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025 में 60 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार दूसरा चरण 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक है, जिसमें में 50 से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा है। योजना में दो प्रकार के भुगतान विकल्प दिये गये हैं। एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट रहेगी। 6 किश्तों में भुगतान की आसान सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इस योजना में घरेलू, गैर घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता शामिल हैं। इस योजना में पंजीकरण के लिये न्यूनतम भुगतान के लिये घरेलू उपभोक्ताओं पर बकाया राशि का 10 प्रतिशत एवं गैर घरेलू औद्योगिक उपभोक्ताओं पर बकाया राशि का 25 प्रतिशत राशि जमा कराने का प्रावधान है। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि समाधान योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए नजदीकी विद्युत वितरण केन्द्र या मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर विजिट करें अथवा कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि समाधान योजना 2025-26 में मध्य प्रदेश के 91 लाख 84 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। जिन पर बकाया मूल राशि 8353.99 करोड़ रुपए है, एवं सरचार्ज की राशि 3812.75 करोड़ है, जो कि माफ़ी योग्य है, यह भुगतान करने के तरीके एवं समयावधि पर निर्भर करती है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 3 नवंबर से 8 नवंबर 2025 तक प्रदेश के कुल 8163 उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लिया है, जिनकी कुल 6 करोड़ 11 लाख की सरचार्ज राशि माफ़ की जा चुकी है एवं वितरण कम्पनियों को कुल 11 करोड़ 15 लाख की बकाया राशि प्राप्त हुई है। मध्यप्रदेश में तीन बिजली वितरण कंपनियां हैं।

रीवा से आज शुरू होगी एटीआर 72 की उड़ान

# विन्ध्य की उड़ान को लगे पंख

• **राजेन्द्र शुक्ल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब कहते थे कि वह दिन भी अब दूर नहीं जब हमारे देश के हवाई चप्पल वाले लोग भी हवाई जहाज में उड़ान भरेंगे तब विरोधी इसे महज जुमला कहकर बात हवा में उड़ा देते थे। ऐसे लोगों को आज रीवा आकर देखना चाहिए कि सपना किस तरह यथार्थ के धरातल पर उतरकर चरितार्थ होता है।

10 नवंबर 2025 का दिन कई पीढ़ियों की परिकल्पना और सपने को यथार्थ में परिवर्तित होने का दिन है जब एटीआर 72 वायुयान दिल्ली के लिए उड़ान भरेगा। उड्डयन विभाग के हमारे केन्द्रीय मंत्री, माननीय मुख्यमंत्री, विन्ध्य के सांसद, विधायक गण व नागरिक विन्ध्य के विकास के इस मंगलाचरण के साक्षी होंगे। हम यहीं रुकने वाले नहीं है शीघ्र ही इंदौर से वायुमार्ग से जुड़ने वाले हैं। अगले चरण में मुंबई, पुने, बेंगलुरु जैसे शहरों से सभी इसी एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगे। हमसे मीडिया के लोग पूछते हैं कि इसके आगे और क्या? मेरा जवाब है एयरबस, सिर्फ 500 मीटर का रनवे और बढ़ा देंगे। प्रधानमंत्री जी ने रीवा में हवाई सेवा के विस्तार के लिए जिस तरह से अपनी रुचि प्रदर्शित की है उसके लिए हम विन्ध्यवासी उनके प्रति चिर ऋणी रहेंगे। 9 सितंबर 2024 को डीजीसीए ने रीवा एयरपोर्ट से 72 सीटर विमान के लिए लायसेंस जारी किया था। 20 अक्टूबर 2024 को माननीय प्रधानमंत्री जी ने रीवा एयर पोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया इसके साथ ही रीव- दिल्ली और रीवा -इंदौर के लिए हवाई उड़ान का पथ प्रशस्त हुआ। इस के लिये इंडिगो और एलायंस एयर को प्रस्ताव भेजा गया। आज का दिन इसी प्रयत्न का प्रतिफल है।



हमारे तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान रीवा में 15 फरवरी 2023 को हवाई अड्डे की आधारशिला रखी थी। इसके साथ ही रीवा भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयर ट्रैफिक डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा की यात्रा पर चल पड़ा।

दो वर्ष पूर्व इंदौर में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स मीट में विश्वभर के उद्यमियों के बीच तत्कालीन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने सगर्व यह घोषणा की थी कि हम मध्यप्रदेश का छठवे हवाईअड्डे को निर्मित और विकसित करने जा रहे हैं। उनकी इस घोषणा ने दुनियाभर के उन उद्योगपतियों के ध्यान को आकृष्ट किया जो यहाँ पावर व माइनिंग सेक्टर, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग इन्डस्ट्रीज की संभावनाओं को देखते हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने वालों के लिए यह अवसरों का दरवाजा खोलने वाला है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि रीवा का हवाईअड्डा चरणबद्ध तरीके से विकसित होने की प्रक्रिया में है। पाँच साल के भीतर ही रीवा का हवाईअड्डा बोइंग की लैंडिंग और अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बनकर तैय्यार रहेगा।

देश में श्री मोदी जी और प्रदेश में श्री मोहन यादव जी के कुशल और फलदायी नेतृत्व के अनुभव को देखते हुए मैं यह विश्वास पूर्वक कह सकता हूँ कि अगले पाँच वर्षों के भीतर यह सब पूर्णरूपेण यथार्थ के धरातल पर उतर जाएगा। विन्ध्य की आशाओं के केन्द्र रीवा के विकास का श्रेष्ठ व उन्नत दौर है जो स्वतंत्रता के अमृतकाल में प्रारंभ हो रहा है। मैं जब कहता हूँ कि अब रीवा मध्यप्रदेश के ही नहीं देश के समुन्नत और श्रेष्ठ महानगरों की श्रेणी में कदमताल मिलाकर चल पड़ा है तो इसके पीछे ठोस आधार है। 1956 तक रीवा विन्ध्य प्रदेश की राजधानी रहा है और तब इसकी हैसियत भोपाल, लखनऊ, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरों के समकक्ष थी। कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेषवश रीवा से एक प्रदेश की राजधानी का गौरव छीन लिया। 1956 से 2004 तक यह उपेक्षित और अभिशप्त पड़ा रहा। विन्ध्य में आज जो प्राकृतिक संसाधन हैं वो कल भी थे। आम नागरिकों में विकास की ललक और अपेक्षाएं कल भी वैसी ही थीं। केन्द्र में अटलजी और उसके बाद मोदीजी की नेतृत्व की व प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने आहत और उपेक्षित विन्ध्यवासियों की पीड़ा और भावनाओं को समझा। आज यह क्षेत्र कई मामलों देश में अग्रगण्य है। जब जनसेवा का भाव और संकल्प प्रबल होता है तब दैवयोग से सभी कार्य ऐसे ही सधते जाते हैं जैसे कि रीवा एयरपोर्ट की कल्पना व उसके बाद यहां से वायुयानों की नियमित उड़ान और उसे अब यथार्थ के धरातल पर उतरते हुए देखना। मैं विन्ध्यजनों की ओर से, रीवा के नागरिकों की ओर विनयवत हूँ, आभारी और कृतज्ञ हूँ।

**(लेखक-मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री हैं)**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**कुछ महीने पहले भी....** एटीएस के डीआईजी ने एक बयान में कहा था, हमें यह पता चला कि मोहम्मद फाइक पाकिस्तानी शख्स के संपर्क में था और भारत में जिहादी गतिविधियों को फैलाने के तरीकों पर चर्चा कर रहा था। इसके बाद ये चारों एटीएस के रडार पर आए थे।

**पुणे भूमि सौदा रद्द होने....** पर बेची जा रही थी जिसकी अनुमानित कीमत 1,800 करोड़ रुपए है। इसके अलावा, इस लेन-देन में कथित रूप से स्टाम्प शुल्क में छूट का लाभ भी प्राप्त हुआ क्योंकि दावा किया गया था कि भूमि को सूचना प्रौद्योगिकी पार्क के लिए विकसित किया जाएगा। अधिकारियों ने पुष्टि कि है कि वर्तमान सरकारी नियमों के अनुसार राज्य के स्वामित्व वाली भूमि निजी संस्थाओं को हस्तांतरित नहीं की जा सकती है जिससे यह सौदा कानूनी रूप से अवैध हो गया। विधान परिषद में पूर्व विपक्षी नेता अम्बादास दानवे ने इस मामले में राज्य सरकार की कार्यशैली की आलोचना की और कहा कि इस मामले में सरकार की ओर से विरोधाभासी बयान आए। उन्होंने इस संबंध में पवार का दावा कि सौदा रद्द हो चुका है और मुख्यमंत्री के इस कथन का जिक्र किया कि अगर समझौता कानूनी रूप से पूरा नहीं हुआ है तो इसे रद्द नहीं किया जा सकता है।

**वोट चोरी को संस्थागत रूप....** के और खुलासे करेंगे, गांधी ने कहा, हमारे पास बहुत सारी अलग-अलग सूचनाएं, बहुत विस्तृत जानकारी है और हम इसे जारी करेंगे। उन्होंने कहा, लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है, आंबेडकर के संविधान पर हमला किया जा रहा है। मोदी जी (प्रधानमंत्री), अमित शाह जी (केंद्रीय गृह मंत्री) और ज्ञानेश जी (मुख्य निर्वाचन आयुक्त) मिलजुल कर ऐसा कर रहे हैं इस वजह से देश को बहुत नुकसान हो रहा है। भारत माता का नुकसान हो रहा है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन**, कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।